*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
21 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 210

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में 63 प्रतिशत मतदान





# राजमहल के दरवाजे पर लोबिन हेंब्रम का 'लॉक'

## ■ झामुमो प्रत्याशी की राह में बड़ा रोड़ा अटका रहे हैं बागी उम्मीदवार

## ■ त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा उम्मीदवार को मिली थोड़ी राहत

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की राजमहल संसदीय सीट पर 1 जून को होनेवाला चुनाव बेहद रोमांचक होने जा रहा है। निवर्तमान सांसद विजय कुमार हांसदा और भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी की लड़ाई को झामुमो के बागी लोबिन हेंब्रम ने ऐसा त्रिकोण बना दिया है कि झामुमो के इस मजबूत किले में भी दरार दिखने लगी है। झामुमो द्वारा लोबिन हेंब्रम को पार्टी से निकाले जाने के बावजूद राजमहल में विजय हांसदा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। झामुमो के इन दो कद्दावर नेताओं की लड़ाई को भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी अपने लिए लाभदायक मान रहे हैं और उसी के अनुसार अपनी चुनावी रणनीति पर काम कर रहे हैं। इधर लोबिन हेंब्रम ने अपना 'चुनावी ब्रह्मास्त्र' भी चल दिया है। उन्होंने पार्टी से निकाले जाने के बाद खुद को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का 'वारिस' घोषित कर संथाल परगना में एक भावनात्मक हिलोर पैदा कर दिया है। अब झामुमो इसकी काट खोजने में अपनी ताकत लगा रहा है, ताकि लोबिन को बागी घोषित कर अपना रास्ता साफ कर सके, लेकिन यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि लोबिन हेंब्रम की पहचान गुरुजी के सच्चे सिपाही के रूप में होती रही है और शायद इसीलिए विधानसभा में अपनी ही सरकार के खिलाफ झंडा बुलंद करने के बावजूद उन्हें पार्टी स्तर से कभी चेतावनी भी नहीं दी गयी। अब राजमहल संसदीय सीट पर निर्दलीय के रूप में उतर कर लोबिन ने सीधे-सीधे पार्टी को चुनौती दी है, तो इसका असर चुनाव परिणाम पर निश्चित तौर पर पड़ेगा। क्या है राजमहल संसदीय सीट का परिदृश्य और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड में झामुमो के गढ़ के रूप में प्रसिद्ध संथाल परगना का राजमहल संसदीय सीट पूरे देश की तरह चुनावी बुखार में तप रहा है। राजमहल में झामुमो की किलेबंदी को इसी बात से समझा जा सकता है कि 2014 और 2019 में मोदी लहर के बावजूद भाजपा इस सीट को नहीं जीत सकी थी। लेकिन इस बार इस किले में दरार साफ देखी जा सकती है। इस 'दरार' का नाम है लोबिन हेंब्रम, जिनके बागी तेवर ने झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के रास्ते में बड़ा रोड़ा खड़ा कर दिया है। लोबिन हेंब्रम बोरियो से झामुमो के टिकट पर विधायक चुने गये, लेकिन इस बार बागी तेवर अपनाते हुए वह निर्दलीय ही मैदान में उतर गये। इस कारण झामुमो और भाजपा के बीच होनेवाला सीधा मुकाबला अब त्रिकोणीय हो गया है।

### हमेशा बागी तेवर रहा है लोबिन हेंब्रम का

लोबिन हेंब्रम झारखंड की सियासत में अपने बागी स्वर और जल-जंगल और जमीन के साथ झारखंडी अस्मिता के सवाल पर अपनी ही पार्टी को कटघरे में खड़ा करते रहे हैं। वह अब अपने राजनीतिक जीवन के उस मुकाम पर पहुंच गये हैं, जहां से पीछे लौटना लगभग असंभव है। लोबिन का यह अंदाज कोई नया नहीं है। इसके पहले भी वर्ष 1995 में वह झामुमो के अधिकृत उम्मीदवार को सियासी मैदान में धूल चटा चुके हैं। लोबिन का सिर्फ स्वर ही बागी नहीं है, चुनावी अखाड़े की रणनीतियां भी जुदा होती है। मीडिया की बजाय लोबिन का हथियार परंपरागत प्रचार-प्रसार का माध्यम होता है। हाट-बाजार में आम लोगों के साथ संवाद का अचूक हथियार होता है। वह किसी भी दरवाजे पर बैठ कर उसकी भाषा-भाखा में राजनीति की तमाम गुत्थियों को अलग अंदाज में समझा सकते हैं और खास बात यह है कि जमीनी मुद्दों की उनकी समझ है, जो मुद्दे और विमर्श अखबारों में सुर्खियां बटोर रहे होते हैं, उससे दूर वह अपने मतदाताओं के साथ उनकी जिंदगी से जुड़े मसलों की बात करते हैं। खेत और खलिहान का हाल पूछते हैं, कौन सा बेटा किस शहर में काम कर रहा है और बेटी की शादी में क्या बाधा है, यही जनसंपर्क का विषय होता है और इस सबके बीच वह यह बताना भी नहीं भूलते कि दिशोम गुरु का जो सपना था, जिस झारखंड के लिए उन्होंने अपनी जिंदगी खपायी, आज वह तार-तार होने के कगार है। और इसका कारण पार्टी के अंदर गैर-झारखंडी चेहरों की बढ़ती सियासी पकड़ है। लोबिन कहते हैं कि वह तो आज भी झामुमो के सबसे सच्चे सिपाही हैं, गुरुजी के वफादार योद्धा हैं। यह तो पार्टी है, जो गुरुजी के सिद्धांतों से भटकती नजर आ रही है। उनकी लड़ाई तो पार्टी को उसके असली मुद्दे पर लाकर खड़ा करने की है।



विजय हांसदा



लोबिन हेंब्रम



ताला मरांडी

### कैसा चल रहा है चुनाव प्रचार

राजमहल के सियासी अखाड़े में उतरने के बाद लोबिन गांवों के हाट-बाजारों में छोटे-छोटे समूहों के साथ संपर्क साधते दिख रहे हैं। दूसरी तरफ विजय हांसदा

प्रचार की इस रणनीति में फिलहाल पिछड़ते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा के ताला मरांडी का फोकस इस समय शहरी इलाकों पर है। इस हालत में यह सवाल खड़ा होता है कि लोबिन की चुनौती कितनी गंभीर होने वाली है। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वर्ष 2019 के मुकाबले में झामुमो ने कुल 49 फीसदी मतों के साथ इस सीट को अपने नाम किया था, जबकि भाजपा के हिस्से महज 39 फीसदी वोट आया था, जबकि 2014 में भाजपा और झामुमो के बीच कुल चार फीसदी मतों का अंतर था। यानि 2014 के बाद 2019 में झामुमो के वोटों में कुल छह फीसदी का इजाफा हुआ है, जो झामुमो की मजबूत पकड़ को प्रदर्शित करता है। लेकिन इसके साथ ही यह सवाल भी खड़ा होता है कि यदि अपने सीमित संसाधन और देशज प्रचार के साथ लोबिन 10 फीसदी मतों में भी सेंधमारी में सफल होते हैं, तो उसके बाद सियासी तस्वीर क्या होगी।

### लोबिन के ब्रह्मास्त्र में उलझा झामुमो

इधर पार्टी द्वारा निकाले जाने के बाद लोबिन हेंब्रम ने ऐसा ब्रह्मास्त्र चला है, जिसमें झामुमो बुरी तरह उलझ गया है। लोबिन ने खुद को शिबू सोरेन का वारिस घोषित करते हुए दिशोम गुरु पर अपना दावा भी ठोक दिया। अपने चिर-परिचित अंदाज में लोबिन ने कहा कि किसी की हैसियत नहीं है कि वह गुरुजी से हमको अलग कर सके। हमारी पूरी लड़ाई ही गुरुजी के आदर्शों को स्थापित करने की है। जिस जल, जंगल और जमीन की लड़ाई का दिशोम गुरु ने सिंहनाद किया था, आदिवासी-मूलवासी अस्मिता की जो हुंकार लगायी थी, हमारी पूरी लड़ाई दिशोम गुरु के उस सपनों को स्थापित करने की है, हम कल भी झामुमो के साथ थे, आज भी झामुमो के साथ ही हैं। हमारी जीत झामुमो की जीत है।

### क्या है इस दांव के मायने

दरअसल सियासी जानकारों का दावा है कि राजमहल के किले में लोबिन ने दावा तो जरूर ठोक दिया है, लेकिन यह राह इतनी आसान नहीं है। संथाल की सियासत पर नजर रखने वाला हर शख्स यह जानता है कि आदिवासी-मूलवासी समाज में दिशोम गुरु की क्या छवि है। गुरुजी उनके लिए कोई सियासी नेता भर नहीं हैं, बल्कि उनकी पहचान हैं। और सवाल जब पहचान पर खड़ा होता है, तब सारे दूसरे मुद्दे दरकिनार हो जाते हैं। गुरुजी की इस छवि की फसल झामुमो आज तक काटता रहा है, भले ही बदले हालात में उसकी छवि को धक्का लगा है। लेकिन यह सच है कि इससे आदिवासी-मूलवासी समाज में गुरुजी की प्रतिष्ठा में क्षरण नहीं हुआ। आज भी उनका नाम संथाल में एक हद तक जीत की गांरटी है और लोबिन हेंब्रम इस तल्ख हकीकत से पूरी तरह वाकिफ हैं। और यही कारण है कि लोबिन अपने को गुरुजी का सच्चा वारिस बता कर आदिवासी-मूलवासी समाज में अपनी स्वीकार्यता को बचाये रखना चाहते हैं। लोबिन को पता है कि यदि इस संघर्ष को त्रिकोणीय बनाना है, तो इसके लिए गुरुजी की कृपा दृष्टि भले ही नहीं मिले, लेकिन कम से कम विरोधी या गद्दार का टैग भी नहीं लगे।

### भाजपा की राह हो रही आसान

राजमहल सीट से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। झारखंड की यह सीट भाजपा के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण सीट मानी जा रही है। पिछली बार भाजपा ने हेमलाल मुर्मू को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन उन्हें विजय हांसदा से करारी हार का सामना करना पड़ा था। अब हेमलाल मुर्मू झामुमो में शामिल हो गये हैं। इसके बाद विजय हांसदा को चुनौती देने के लिए भाजपा ने ताला मरांडी को चुना है। इस बार मुकाबला ताला मरांडी और विजय हांसदा के बीच होना तय था, लेकिन लोबिन हेंब्रम ने इसे त्रिकोणीय बना दिया है। इस स्थिति में भाजपा के लिए राह आसान होती दिख रही है, क्योंकि गुरुजी खराब स्वास्थ्य के कारण राजनीतिक गतिविधियों में शामिल नहीं हो रहे हैं। इसके अलावा झामुमो के दूसरे सबसे बड़े नेता हेमंत सोरेन जेल में हैं। वह चुनाव प्रचार ही नहीं, राजनीतिक गतिविधियों के लिए भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में भाजपा खुद को आसान स्थिति में पा रही है। अब राजमहल पर किसका कब्जा होगा, यह तो 4 जून को ही पता चल सकेगा।

---

# जुमलेबाजों की सरकार आयी, तो देश का संविधान बदल जायेगाः चंपाई सोरेन

**तोपचांची में झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो के लिए मांगा वोट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को एक जनसभा को तोपचांची में संबोधित किया। इस दौरान वह



भाजपा पर हमलावर दिखे। उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर फिर से जुमलेबाजों की सरकार आयी, तो देश का संविधान बदल जायेगा, लोकतंत्र खतरे में पड़ जायेगा। इसलिए झामुमो प्रत्याशी को अपना वोट दें और भाजपा को सत्ता से बाहर करने में सहयोग करें।

## जमशेदपुर में इंडी गठबंधन की रैली आज, केजरीवाल भी आयेंगे

# हार का ठीकरा मोदी पर फोड़ेगी भाजपाः सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** संसदीय चुनाव के मद्देनजर इंडी गठबंधन की एक रैली मंगलवार को यहां होगी। इसमें आप सुप्रीमो सह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भी शामिल होंगे। यह जानकारी झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को यहां मीडिया से बातचीत में दी। रैली में सीएम चंपाई सोरेन, झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन और आप सांसद संजय सिंह भी शामिल होंगे। रैली की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। उन्होंने दावा किया कि यह रैली पीएम मोदी की घाटशिला रैली से तीन गुना बड़ी होगी।

झामुमो नेता ने उद्योग नीति, श्रम कानून और भाजपा के लोकसभा चुनावों में जीत के दावों पर खूब तंज किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की एनडीए सरकार ने श्रम कानूनों को कमजोर बना कर



मजदूरों की हकमारी की है। हड़ताल का हक छीना है। घाटशिला में पीएम मोदी ने गुआ गोलीकांड का जिक्र किया था। जवाब में सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा को तपकरा और बकोरिया गोलीकांड की याद दिला दी। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद भाजपा हार का ठीकरा पीएम मोदी पर फोड़ देगी।

सुप्रियो ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 44 ऐसे श्रम कानूनों को कमजोर कर दिया, जिनकी बदौलत श्रमिकों को संवैधानिक कवच मिलता था। उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों में सबसे बड़ा हथियार हड़ताल का था। परंपरा थी कि श्रमिक अपनी समस्याओं, मांगों और जरूरतों के हिसाब से अपने यूनियन के माध्यम से मैनेजमेंट को ज्ञापन देता था। मैनेजमेंट श्रमिकों के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए बुलाता था। यदि मुद्दों का समाधान निकला तो ठीक, वरना यूनियन मैनेजमेंट को हड़ताल पर जाने से पहले एक महीने की नोटिस देती थी। लेकिन सरकार ने इसे कमजोर कर दिया। अब छह माह का अग्रिम नोटिस देना होगा। यह तो वही बात हो गयी कि मुझे भूख आज लगी है और मैं छह माह का इंतजार करूं। उन्होंने कहा कि बिना भोजन के कोई व्यक्ति एक माह सर्वाइव कर भी लेगा, लेकिन छह माह बाद तो आदमी ही नहीं रहेगा, तो भूख का क्या। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में टाटा के लाखों श्रमिकों को इससे नुकसान हुआ है।

### तपकरा और बकोरिया गोलीकांड भूले पीएम

झामुमो महासचिव ने कहा कि घाटशिला में पीएम मोदी ने गुआ गोलीकांड का जिक्र किया। ऐसा करते हुए प्रधानमंत्री शायद बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास के कार्यकाल में हुए तपकरा और बकोरिया गोलीकांड भूल गये। बकोरिया गोलीकांड में तो पुलिस ने बच्चों को भी नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री इसका जिक्र क्यों नहीं करते। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने प्रधानमंत्री को जानबूझ कर घाटशिला भेजा, ताकि जमशेदपुर में समीर मोहंती की जीत सुनिश्चित हो। भाजपा के स्थानीय नेता चालाकी सीख गये हैं। हार मिलेगी, तो कहेंगे मैं जमशेदपुर गया ही नहीं था। मुझे तो नुक्कड़ सभा के लिए बुला लिया गया था।

---

# झारखंड की सभी 14 सीटें और गांडेय उपचुनाव जीत रहे : बाबूलाल मरांडी

**देशवासी फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, मतदान के लिए जनता का जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की तीन लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव संपन्न होने पर जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि एनडीए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगा। गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भी एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि 400 पार का लक्ष्य एनडीए के लिए कठिन नहीं है। पिछली बार भी भाजपा ने 303 सीटें जीती थी। एनडीए ने 353 सीट जीती थीं। अब 47 सीट ही आगे बढ़ाना है, जो जनता के आशीर्वाद से संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जो काम किया है, वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। चाहे प्रधानमंत्री आवास हो, चाहे गैस कनेक्शन हो, घर-घर नल से चल पहुंचना हो, चाहे आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज हो, कोई व्यक्ति भूखे ना सोये, इसके लिए प्रति माह मुफ्त राशन देने का हो। सभी लोगों को इसकी जानकारी है। श्री मरांडी ने कहा कि इसके अलावा भी विकास के कई काम हुए हैं। सड़कें बन रही हैं। हाइवे बन रहे हैं। देश अपने पैरों पर खड़ा हो रहा है। देश का मान-सम्मान भी दुनिया में बढ़ा है। सभी लोगों को इस बात की भी जानकारी है। सभी इस बार फिर से नरेंद्र मोदी को वोट देकर प्रधानमंत्री बनाना है।



# प्रदेश की जनता ने एनडीए के '400 पार' के संकल्प में झारखंड की सात सीटों को जोड़ दिया : आदित्य साहू

**गांडेय उपचुनाव में भी होगी एनडीए की जीत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों के साथ गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता का भाजपा झारखंड की ओर से आभार प्रकट किया। सोमवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों का भी आभार प्रकट किया। शाम तक के आंकड़ों के अनुसार 65 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण का मतदान संपन्न होने के बाद जनता ने फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए '400 पार' के संकल्प में अपनी सात सीटों का योगदान कर दिया है। कोडरमा, हजारीबाग और चतरा के साथ गांडेय उपचुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया। यह मतदान तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार करने के लिए है। साथ ही यह मतदान प्रदेश से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने और सनातन विरोधियों को सबक सिखाने के लिए हुआ है। मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और तारिक इमरान उपस्थित थे।



www.epaper.azadsipahi.in

21 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 210




## तीन लोकसभा और एक विधानसभा सीट पर मतदान खत्म : गांडेय विधानसभा में 68.26 प्रतिशत मतदान

# हजराबीग, कोडरमा और चतरा में 63 प्रतिशत मतदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग/कोडरमा/चतरा।** लोकसभा के लिए झारखंड में दूसरे चरण की तीन सीटों पर मतदान सोमवार को खत्म हो गया। प्रदेश में 63 फीसदी वोटिंग हुई। हजारीबाग में सबसे ज्यादा 64.32 फीसदी, कोडरमा में 61.86 और चतरा में 62.96 फीसदी वोटिंग हुई। वहीं, गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 68.26 फीसदी मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं को छोड़ कर कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### आम से लेकर खास तक ने डाले वोट

तीनों लोकसभा सीटों पर मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। सुबह से शाम तक लोग मतदान करने के लिए आते रहे। कई मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें दिखीं। सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। आम लोगों के साथ-साथ प्रत्याशियों और खास लोगों ने भी वोट डाले। चतरा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण ने सुबह अपने परिवार के साथ वोट डाला। वहीं, कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने भी मतदान किया। माले विधायक और कोडरमा से प्रत्याशी विनोद सिंह अपनी पत्नी के सात वोट डालने पहुंचे। हजारीबाग से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने परिवार संग मतदान किया। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने पैतृक गांव कारी के आबुकातू पहुंच कर मताधिकार का प्रयोग किया।

### 54 प्रत्याशियों के भाग्य इवीएम में कैद

तीन सीटों पर कुल 54 प्रत्याशी मैदान में थे। इनका भाग्य अब इवीएम में कैद हो चुका है। तीनों सीटें हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच माना जा रहा है। कोडरमा से भाजपा की अन्नपूर्णा देवी और माले के विनोद सिंह प्रत्याशी हैं। हजारीबाग से भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी पटेल प्रत्याशी हैं। वहीं, चतरा से भाजपा के कालीचरण सिंह और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी प्रत्याशी हैं।

### गांडेय उपचुनाव के लिए भी दिखा उत्साह

गांडेय विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव भी हो रहा है। यहां वोट डालने को लेकर उत्साह दिखा। यहां से झामुमो की तरफ से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन प्रत्याशी हैं। वहीं, भाजपा की तरफ से दिलीप कुमार वर्मा प्रत्याशी हैं।


तीन लोस सीटों पर मतदान: 63 प्रतिशत
हजारीबाग-64.32, कोडरमा-61.86 और चतरा- 62.96



### बाबूलाल ने डाला वोट, जीत का किया दावा

**धनवार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को मतदान करने के लिए अपने क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने कोडरमा के धनवार स्थित बूंथ संख्या 114 में पहुंच कर मतदान किया। बाबूलाल ने मतदान के बाद भाजपा प्रत्याशी की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगा। गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भी एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है। उन्होंने कहा कि 400 पार का लक्ष्य एनडीए के लिए कठिन नहीं है। भाजपा को जनता का साथ मिल रहा है।



### कल्पना सोरेन ने लिया बूथ का जायजा

**गांडेय।** गांडेय विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने मतदान के दौरान क्षेत्र के विभिन्न पोलिंग बूथों का जायजा लिया। उनके साथ विधायक सुदिव्य कुमार भी थे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कल्पना ने कहा कि लोग मतदान के लिए उत्साहित हैं, जो बेहद सुखद तस्वीर है। जिस तरह से तीन लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा क्षेत्र में मतदाता निकल कर सामने आ रहे, उससे पता चलता है कि इंडी गठबंधन की स्थिति मजबूत है। उन्होंने तीनों लोकसभा और गांडेय सीट पर जीत का दावा किया।

## आठ राज्यों की 49 सीटों पर 57.35% हुआ मतदान

- ओड़िशा विस के दूसरे चरण की 35 सीटों पर 48.95 प्रतिशत पड़े वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है। शाम 5 बजे तक 57.35% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73% और सबसे कम महाराष्ट्र में 48.88% मतदान हुआ है। इसके अलावा ओड़िशा विधानसभा के दूसरे फेज की 35 सीटों पर 60.70 प्रतिशत मतदान हुए। उत्तरप्रदेश के महोबा में ड्यूटी के दौरान एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गयी। पश्चिम बंगाल के बैरकपुर और हुगली में भाजपा और टीएमसी समर्थकों के बीच झड़प हुई। वहीं, मुंबई में मतदान केंद्र के पास डमी इवीएम रखने के आरोप में पुलिस ने शिवसेना (यूबीटी) के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। देश के विभिन्न हिस्सों में हुए मतदान में कई राजनेताओं और अभिनेताओं ने अपना-अपना वोट डाला। अब तक 543 लोकसभा सीटों में 429 सीटों पर मतदान पूरा हो गया। बाकी दो चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होगी।







### आइएसआइएस के चार आतंकवादी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद हवाई अड्डे पर इस्लामिक स्टेट (आइएसआइएस) के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। चारों आतंकी श्रीलंकाई नागरिक बताये जा रहे हैं। गुजरात एटीएस की ओर से यह कार्रवाई की गयी है। गुजरात एटीएस ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से चार आतंकियो को गिरफ्तार किया है।




## पटना पहुंचे प्रधानमंत्री, दी सुशील मोदी को श्रद्धांजलि



- प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं के साथ की बैठक
- बिहार में आज दो सभाओं को करेंगे संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम पटना पहुंचे। वह एयरपोर्ट से सीधे बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के घर पहुंचे। वहां उनकी पत्नी और बेटे से मुलाकात की और सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री सोमवार को पटना में ही रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार को वह बिहार में दो चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उधर, सुशील मोदी के आवास से निकलने के बाद प्रधानमंत्री भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे और पार्टी नेताओं के साथ बैठक की।

**13 मई को हुआ था सुशील मोदी का निधन :** गौरतलब है कि पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी का निधन 13 मई को दिल्ली में हो गया था। सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित थे। दिल्ली में एम्स में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था। निधन के अगले दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी सुशील मोदी को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे थे। प्रधानमंत्री सोमवार को उनके आवास पहुंचे।

**भाजपा नेताओं के साथ की बैठक :** नरेंद्र मोदी पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय भी पहुंचे। उन्होंने वहां प्रदेश के नेताओं और चुनाव प्रबंधन समिति के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने चल रहे लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद वह राजभवन चले गये, जहां रात्रि विश्राम करेंगे।

**आज सभा को करेंगे संबोधित :** प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मंगलवार को छठे चरण की वोटिंग को लेकर दो लोकसभा क्षेत्र में सभा को संबोधित करेंगे। वह पूर्वी चंपारण के महाराजगंज में जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और मोतिहारी में राधामोहन सिंह के समर्थन में वोट मांगेंगे।

## इरानी राष्ट्रपति रइसी का हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन

एजेंसी

**नयी दिल्ली/तेहरान।** इरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रइसी और विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन का हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया। इरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी। अजरबैजान से लौटते समय उनका हेलिकॉप्टर रविवार शाम करीब 7 बजे लापता हो गया था। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी नौ लोग मारे गये। मध्य पूर्व एशिया के शिया बहुल देश इरान ने अपने दो नेताओं को उस समय खोया है, जब इजराइल के साथ उसके रिश्ते टकराव की सीमा तक बिगड़ गये हैं। वहीं अमेरिका-इरान के संबंधों में भी तनाव है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 69,900 रु./10 ग्राम
चांदी 94,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 21 मई, 2024
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण खबरें

### महिलाओं को सशक्त बनाना मेरी प्राथमिकता में सबसे ऊपर: धर्मेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा सीट से भारतीय जनतंत्र मोर्चा के उम्मीदवार धर्मेंद्र तिवारी ने सोमवार को कहा कि अगर क्षेत्र की जनता उन्हें चुनाव में विजयी बनाती है तो वह महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में कार्य करेंगे। यहां लोगों से बातचीत में उन्होंने कहा कि महिलाओं को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण देना उनके एजेंडे में है। श्री तिवारी ने कहा कि वह महिलाओं के लिए प्राथमिकता के आधार पर हेल्थ सर्विसेज मुहैया कराने के पक्षधर हैं ताकि उन्हें लाइन में न लगना पड़े। उनकी मंशा सिर्फ आधी आबादी के उन्नत क्लिनिक बनाने की भी है। उन्होंने कहा कि वह एक टास्क फोर्स बनाने के पक्षधर हैं जो महिलाओं को कार्यस्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा देने का काम करेगी।

### डीपीएस रांची इंडियाज बेस्ट स्कूल्स अवार्ड से सम्मानित




रांची (आजाद सिपाही)। दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची को गुरुग्राम स्थित प्रसिद्ध संगठन करियर 360 द्वारा शिक्षा सत्र 2023-2024 के लिए इंडियाज बेस्ट स्कूल्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। विद्यालय ने 'डे स्कूल कैटेगरी' के अंतर्गत एएए + ग्रेड प्राप्त किया है। करियर 360 ने विद्यालय के छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन, संकाय गुणवत्ता और स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मात्रात्मक मापदंडों को देखते हुए यह सम्मान दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने सभी शिक्षकों और छात्रों को विद्यालय के शैक्षणिक निर्माण में अपना योगदान देने के लिए बधाई दी है।

### जेसीएम ने खराब भोजन देने को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड छात्र मोर्चा रांची का प्रतिनिधिमंडल झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास से मिलकर छात्राओं के संबंधित समस्याओं दूर करने के लिए ज्ञापन सौंपा। मोर्चा ने कहा कि छात्राओं को जो मेस का खाना दिया जा रहा है वह स्वास्थ के दृष्टि से काफी नुकसानदेह है। छात्राओं के मेस की व्यवस्था को वैक्लिप किया जाये। विश्वविद्यालय कैंपस में पुलिस पिकेट की व्यवस्था किया जाये। कुलपति ने मामले को संज्ञान में लेते हुए मेस को छात्राओं के लिए वैक्लिप व्यवस्था और खाने के गुणवत्ता में सुधार करने का आदेश जारी किया और कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा मेस में खाने का बाध्य नहीं किया जायेगा। मौके पर जेसीएम रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, अध्यक्ष मनीष राणा, सचिव अल्ताफ राजा और छात्राओं में कुमारी तान्या, विशेष सिंह, शिखा कुमारी, खुशी कुमारी आदि शामिल थे।

### एनआइबीएम ने सफल छात्रों को सम्मानित किया



रांची (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष हजारों युवा स्नातक पास कर सरकारी नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। 26 वर्ष पुरानी श्री साईं टावर सर्कुलर रोड रांची स्थित एनआइबीएम में निदेशक एमके गुप्ता ने बैंकिंग एसएससी में अंतिम रूप से चयनित युवाओं को सम्मानित किया तथा निदेशक और चयनित युवाओं ने वर्ष 2024 में तैयारी में जुटे संस्थान के सभी युवाओं को सफलता प्राप्त करने की रणनीति से अवगत कराया। निदेशक ने बताया कि ऑफलाइन तैयारी पर फोकस कर बेसिक क्लियर करें तथा समय प्रबंधन और ज्यादा सही प्रश्नों को हल कैसे करें और नेगेटिव मार्क से बचने की आदत डेवलप करें, सफल युवाओं ने मोबाइल तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाये रखने के लिए कहा। सभी विषय का बेसिक कॉन्सेप्ट के साथ परीक्षा में पूछे गये पूर्व प्रश्नों को ज्यादा हल करें तथा ग्रुप बनाकर पढ़ें जैसा कि हम सबों ने एनआइबीएम के लाइब्रेरी तथा रीडिंग रूम में पढ़ाई किया तथा सभी फैकल्टी से डाउट क्लियर किया। निदेशक ने बताया कि स्नातक कर रहे तथा बीटेक किए हुए युवाओं के लिए बैंकिंग एसएससी के लिए सेपरेट तथा कंबाइंड बैच हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में 13 तथा 17 मई से प्रारंभ की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान कार्यालय तथा फोन नंबर 9334726278 पर संपर्क कर सकते हैं।

### युवा मतदाता जनजागरण अभियान




रांची (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे के नेतृत्व में ब्रजभूमि अपार्टमेंट कांके रोड में युवा लड़कों और लड़कियों के साथ चाय पर चर्चा सह मतदाता जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्री शंकर दुबे ने युवाओं से कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार एवं जिम्मेदारी दोनों हैं हम सभी 18 वर्ष से ऊपर के भारतवासी को बढ़-चढ़कर पूरे हर्षोल्लास के साथ इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी-अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह करते हुए सत प्रतिशत मतदान करना चाहिए और हमें सोच समझकर उस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना चाहिए। सभी युवाओं ने शपथ ली कि हम सभी खुद तो मतदान करेंगे ही, साथ ही अपने मित्रों पड़ोसियों एवं रिश्तेदारों के मतदान करने की अपील करेंगे एवं उनसे मतदान भी कराएंगे। इस अवसर पर राजीव रंजन मिश्रा, डॉक्टर सौरभ चौधरी, कैलाश केसरी, पंकज वत्सल, वीणा श्री, रीता दुबे, रीना सिंह, रीता सेन, छाया वर्मा, विनीता कुमारी, सुनीता देवी उपस्थित रहे। सभी ने एक ध्वनि से कहा : पहले मतदान फिर जलपान।

# सीताराम रवि के रूप में आज हमने संघर्ष के साथी को खो दिया : दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के असामयिक निधन पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने शोक जताया। श्री प्रकाश ने सीताराम राम के आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि वे परिवार के इस दुख के घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। श्री प्रकाश ने एक बयान जारी कर कहा कि सीताराम रवि के आकस्मिक निधन की सूचना से मुझे अत्यंत दुःख और पीड़ा पहुंची है। सीताराम रवि भाजपा के संघर्ष के साथी रहे थे। उनके साथ मिलकर हमने भाजपा द्वारा आयोजित कई आंदोलनों को सफल बनाया। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिवार को इस भीषण दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## प्रदेश भाजपा ने अजा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के निधन पर शोक जताया

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के असामयिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक जताया है। उनके पार्थिव शरीर को प्रदेश कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए लाया गया। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के आकस्मिक निधन की सूचना अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोकाकुल परिवार को इस भीषण दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना मिली। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के निधन की दुखद खबर मिली। यह पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में जगह दें। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के निधन की खबर से मन दुखी है। वे मृदुभाषी और मिलनसार थे। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता थे। दुख की इस घड़ी में भगवान उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू और डॉ प्रदीप वर्मा, महामंत्री मनोज सिंह, उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, राकेश प्रसाद, भानु प्रताप शाही, सुबोध सिंह गुड्डू सहित अन्य शामिल हैं।

# सीसीएल के ट्विटर हैंडल पर हुए 20 हजार से अधिक फॉलोअर्स

**कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी और सीआइएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। सीसीएल का आधिकारिक ट्विटर हैंडल @रांची सीसीएल ने 20,000 फॉलोअर्स का एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पार कर लिया है। अब एक्स (ट्वीटर) पर अलग अलग पृष्ठभूमि के 20 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। यह उपलब्धि कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि और सोशल मीडिया के माध्यम से हितधारकों के साथ जुड़ने के सीसीएल के प्रयासों का प्रमाण है। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कर टीम सीसीएल को बधाई दी। सीआइएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने इस उपलब्धि के लिए सीसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने सूचना प्रसारित करने और जनता के साथ जुड़ने में सोशल मीडिया के महत्व को रेखांकित करते हुए, कोयला उद्योग के बारे में अपडेट, समाचार और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए ट्विटर का लाभ उठाने में सीसीएल के प्रयासों की सराहना की। विभागाध्यक्ष (सीसी एंड पीआर) आलोक कुमार ने सभी फॉलोअर्स का आभार जताते हुए कहा कि हम हितधारकों के कोयला क्षेत्र में बढ़ती रुचि को देखकर रोमांचित हैं सभी फॉलोअर्स से मिले फीडबैक से प्रेरित होकर हम प्रभावी संचार हेतु नवीन तकनीकों का बेहतर प्रयोग हेतु प्रयासरत हैं। हम हितधारकों के साथ जुड़ने, जानकारी साझा करने और कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सार्थक उपयोग करना जारी रखेंगे।

सीसीएल का आधिकारिक ट्विटर हैंडल @ रांची सीसीएल पर सीसीएल से जुड़े अपडेट, समाचार प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था। यह हैंडल सीसीएल के कोयला उत्पादन, खनन संचालन, सुरक्षा पहल और कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधियों और अन्य गतिविधियों पर सक्रिय रूप से जानकारी साझा कर रहा है। सीसीएल हितधारकों के साथ संचार और जुड़ाव को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीसीएल के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और हितधारकों के साथ जुड़ाव के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# गोड्डा और नामकुम में प्रियंका गांधी की चुनावी सभा कल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी 22 मई को झारखंड दौरे पर आयेंगी। यहां वह राज्य के चौथे और अंतिम चरण में होने वाले चुनाव के लिए चुनावी सभा करेंगी। प्रियंका गांधी की पहला चुनावी सभा गोड्डा के मेला मैदान में है। वहीं नामकुम लोवाडीह के हाइटेंशन मैदान में भी वह चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। प्रियंका गांधी की दोनों चुनावी सभा में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन मौजूद रहेंगी। इसके अलावा प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता और अन्य गठबंधन दलों के नेता भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

**गोड्डा में प्रदीप यादव और नामकुम में रांची से यशस्विनी सहाय हैं प्रत्याशी :** जानकारी के अनुसार, प्रियंका गांधी 22 मई को सुबह 9 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगी। यहां से वह हेलिकॉप्टर से गोड्डा जायेंगी। गोड्डा के मेला मैदान में प्रियंका गांधी गोड्डा से पार्टी प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगी। इसके बाद वह हेलिकॉप्टर से नामकुम आयेंगी, जहां पर दोपहर 1 बजकर 55 मिनट में वह लोवाडीह के हाइटेंशन मैदान में रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इसके बाद 3 बज कर 20 मिनट में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जायेंगी।

### युवा बदलाव के लिए मचल रहे हैं : योगेंद्र सिंह बेनी

रांची। कांग्रेस के योगेंद्र सिंह बेनी ने लालपुर से लोअर बाजार तक जनसंपर्क अभियान चलाया। बेनी ने कहा कि इंडी गठबंधन के रांची प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित है। सभी वर्गों और समुदाय के लोगों का समर्थन मिल रहा है। खासकर युवा बदलाव के लिये मचल रहे है। इस मौके पर टिंकू वर्मा, नागो चौधरी, चिंटू चौधरी, विनोद सिंह, मो परवेज, उत्तम दूबे सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# मोदी सरकार ने युवाओं को किया बेरोजगार : यशस्विनी

**पदयात्रा और जनसंपर्क कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा है कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में देश के युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया है। कांग्रेस प्रत्याशी ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा जनसंपर्क और रोड शो कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मतदाताओं को संबोधित करते हुए सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में सिर्फ पूंजीपतियों की सेवा की है। जिस कारण अमीर और अमीर हो गये और गरीबों को जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश से महंगाई, बेरोजगारी से मुक्ति और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस को वोट देकर यशस्विनी सहाय को विजयी बनाकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें।

कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ रांची के कांटाटोली, लालपुर, अरगोड़ा, हरमू, चर्च रोड, डंगराटोली, गुदरी, कर्बला चौक, चर्च रोड, कोनका रोड, गुंगू टोली गोस्नर कंपाउंड आदि क्षेत्रों में पदयात्रा, जनसंपर्क और चुनावी सभाएं कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# कांग्रेस-जेएमएम का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चुनाव आयोग निशिकांत दुबे का नामांकन रद्द करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन और गोड्डा के एनडीए उम्मीदवार निशिकांत दुबे और निर्दलीय उम्मीदवार अभिषेक आनंद झा के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी है। कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि निशिकांत दुबे ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में रुपये का फ्रॉड किया है। निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक झा से 1 करोड़ 20 लाख रुपया पत्नी के नाम पर लोन लिया है, जबकि अभिषेक झा ने अपने नामांकन में इसका जिक्र नहीं किया है। राकेश सिन्हा ने सवाल किया है कि यह काला धन था या सफेद धन काला धन था, तो फिर इडी क्यों नहीं पहुंची। हम चुनाव आयोग से मांग करते हैं कि दोनों ही प्रत्याशियों का नामांकन रद्द करें।

वहीं जेएमएम के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव के दिन वोटरों को वोटर स्लीप पर्ची में 400 पार का स्लोगन लिखा बांटा गया, ये पर्ची चौथे चरण के दिन भी बांटी गयी थी और आज भी बांटी गयी, जिसकी शिकायत लेकर आयोग पहुंचे और इस पर जांच करा कर एफआइआर दर्ज करने की मांग की गयी है।

# नन्हे कदम प्ले स्कूल ने समर कैंप आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता







रांची। मेरे नन्हे कदम ए प्ले स्कूल की तरफ से बच्चों के लिए 13 मई से 18 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें नन्हे कदम स्कूल के बच्चों के साथ-साथ अन्य स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। इस कैंप में बच्चों ने रेन डांस, नॉन गैस कुकिंग क्राफ्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, स्विमिंग, डांसिंग और सिंगिंग का खूब आनंद उठाया। इस समर कैंप का समापन 18 मई को अशोक नगर ब्रांच में मैं और मेरे माता-पिता कार्यक्रम का द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी खूब आनंद लिया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए रैंप शो का आयोजन भी किया गया। मैं और मेरे माता-पिता कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की संचालिका विभा सिंह ने दीप जलाकर किया।

# केंद्रीय सरना समिति को एनडीए कैंडिडेट संजय सेठ पर भरोसा

**जीतने पर समाज के कल्याण के लिए करेंगे और भी काम**

**आदिवासी संगठनों की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को समर्थन देने पर बनी सहमति**

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। सरहुल शोभायात्रा के उदगम स्थल सरना टोली, हातमा (रांची) में मुख्य पाहन जगलाल के आवास पर रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न आदिवासी संगठन, सामाजिक, अगुआ और विभिन्न मौजा के पाहन, पईनभोरा, कोटवार, ग्राम प्रधान और पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के सगंठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संजय सेठ ने सर्वप्रथम मुख्य सरना पूजा स्थल में पूजा अर्चना की। इसके पश्चात मुख्य पाहन से प्रचंड जीत का आशीर्वाद मांगा। विभिन्न आदिवासी सगंठनों के प्रतिनिधियों की बैठक में संगठन पदाधिकारियों से विचार-विमर्श हुआ। निष्कर्ष निकाला गया कि 25 मई को रांची में होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में देश और समाज के विकास, कल्याण, उन्नति तथा अस्मिता और अस्तित्व के लिए भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन दिया जायेगा। इस कार्य को गति देने हेतु उपस्थित संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा गांव भ्रमण कार्यक्रम कर मोदी सरकार के दस वर्षों की उपलब्धियों को बताया जायेगा। रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से जीत दिलायी जायेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा, महासचिव अशोक उरांव, केंद्रीय धुमकुड़िया अध्यक्ष सुनील टोप्पो, छोटानागपुर सरना समिति अध्यक्ष बिरसा पाहन, कोंगे सरना समिति अध्यक्ष नरेश पाहन, जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव, ऐदलहातू सरना समिति अध्यक्ष मुकेश मुंडा, डहू टोली सरना समिति अध्यक्ष विश्वास उरांव, चडरी सरना समिति के पूजा अध्यक्ष सबलू मुंडा, चेरी मनातू सरना समिति, झारखंड आदिवासी संयुक्त मोर्चा, आदिवासी कल्याण समिति, हातमा मंडा पूजा समिति, मिशिर गोंदा सरना विकास समिति, हेहल सरना समिति, हेसाग सरना समिति, चिरौंदी सरना समिति, सरना टोली सरना समिति हातमा एवं समाज के सैकड़ों लोग भी उपस्थित थे।

### एनडीए गठबंधन की हार तय : राजद

रांची (आजाद सिपाही)। राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड में हुए मतदान से यह स्पष्ट हो गया है कि एनडीए गठबंधन की हार तय है। भाजपा नेता सत्ता खिसकते देख उलूल-जलूल बयान बाजी कर राज्य और देश की जनता को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे है। मुद्दा से भटक चुकी भाजपा अब केवल टिक्का टिप्पणी कर रही है। इनका कोई विजन नहीं है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के किसान कैसे खुशहाल होंगे, बेरोजगारों को कैसे नौकरी देंगे, महंगाई कैसे दूर होगी और हमारी देश की आर्थिक स्थिति कैसे मजबूत होगी। इस पर कोई भी भाजपा नेता बोल नहीं रहे है।

रांची की खबरें पेज 8 पर भी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# लोकतंत्र के महापर्व में रामगढ़-चतरा में उत्साह का दिखा संगम

## नये वोटरों ने पहले किया मतदान


काजल


आशा और नेहा

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** लोकतंत्र का महापर्व में रामगढ़ में उत्साह और आस्था का संगम दिखा। सूर्य की किरने जैसे-जैसे उजाला फैलता गया। वैसे-वैसे लोकतंत्र का महापर्व की खुमारी बढ़ती गयी। उत्साहित मतदाता अपने अपने कर्तव्यों और जिम्मेवारी के प्रति गंभीर दिखे। 20 मई दिन सोमवार समय सुबह के सात बजे रहे है। हम अभी तुरंत छत्तरमांडू के बूथ संख्या 104, 105,106,107 पहुंचे है। सभी बूथ अगल बगल है। जिसके कारण मतदानकर्मी की गतिविधि तेज हो जाते है। चूंकि मतदाता धीरे-धीरे बूथ की तरफ आते दिख रहे हैं। मतदान कर्मी इवीएम मशीन दुरुस्त कर मतदान कराने के लिए तैयार है। मतदाता भी लाइन लगकर लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के उत्साहित दिख रहे है। समय के अनुसार वोटिंग शुरू हो गाया है। नये मतदाता जो पहली बार वोट कर रहे हैं। वे काफी उत्साहित हैं। जैसे ही वोट करने के लिए उन्हें पर्ची मिलती है तो उनका चेहरा खिल उठता है। पूरी खुशी के साथ मतदान कर बाहर निकलते हैं। पहली बार वोट कर रही युवा मतदाता काजल कुमारी आजाद सिपाही जिला प्रभारी से मिलकर कहती है आप पत्रकार हैं न। मैं भी हां कहते हुए पहली बार मतदान करने का अनुभव साझा करने को कहा तो काजल मुस्कुराकर कहती मैं बहुत खुश हूं। पहली बार देश सेवा में भागीदार बनी हूं। मैं अब अपना सांसद चुनने के काबिल हूं। काजल कहती है कि हर नागरिक को लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेना चाहिए। ताकि देश का तरक्की में हर कोई का योगदान समाहित हो। जबकि आशा कुमार और बेहद देवी कहती है कि पहले देश सेवा उसके बाद ही सेवा होगा। उन्होंने अपील किया है कि पहले मतदान उसके बाद जलपान के तर्ज पर मतदाता अपने मतों का प्रयोग करें। ताकि एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। पिंकी देवी कहती हैं कि चूल्हा-चौका छोड़िये, पहले मतदान करिये। **बढ़ती तपिश के साथ मतदान में आई कमी:** सुबह का पर लगभग 30 डिग्री सेल्सियस था जिसकी वजह से मतदाताओं को काफी आसानी हो रही थी लेकिन 9:00 बजे के बाद जब तापमान बढ़ना शुरू हुआ तो मतदान केंद्रों पर वोटरों की संख्या भी धीरे-धीरे कम होती गयी।

### सांसद चंद्रप्रकाश व सुनीता चौधरी ने किया मतदान



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रजरप्पा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के 5 वें चरण का मतदान 20 मई को सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, हजारीबाग लोकसभा को लेकर गिरिडीह एनडीए सांसद व प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी और धर्मपत्नी सुनीता चौधरी और रामगढ़ जिला परिसद अध्यक्ष सुधा चौधरी गोपाल चौधरी ने भी सांडी हाई स्कूल पर अपने बूथ संख्या मे मतदान किया, सुबह 6 बजे से कई मतदान केंद्र पर मतदाता पंक्ति मे खडे रहे 7 बजे वोटिंग मशीन खुलते हीं वोटर मतदान देना शुरू किया, वोटिंग को लेकर कई बूथों लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, सभी बूथों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के इंतजाम के बीच शांत माहौल मे मतदाताओं ने 5 बजे शाम तक अपना अपना मत का प्रयोग किया।

## हरिजन-आदिवासियों ने भी दिखायी रुचि



आंखों देखी

प्रवीण

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय सजना में बूथ संख्या 303, इस मतदान केंद्र में लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित गांव मातु और लरकुवा गांव के अलावा सजना , सखुवाही, अमौना, बभने गांव के 1017 मतदाताओं में लगभग 80 प्रतिशत हरिजन और आदिवासी मतदाता हैं। दोपहर के 1:30 बज रहे हैं। मतदान केंद्र पर महिला और पुरुष मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हुई थीं। महिला और पुरुष-मतदाता अपने किराये के ऑटो से आकर मतदान कर रहे थे। 80 वर्षीय मतदाता अमृता देवी पति प्रतिमा का भैया माघा भुइयां ऑटो पर सवार होकर मतदान करने पहुंची। मतदान केंद्र में उपस्थित बीएलओ अनिता देवी ने उसे पकड़ कर मतदान केंद्र ले जाकर मतदान करने में सहयोग किया। मतदान कर बाहर निकली अमृता देवी काफी खुश नजर आ रही थी। इसके अलावा लरकुवा गांव की 18 वर्षीय हरिजन मतदाता निशा कुमारी और 18 वर्षीय रेखा कुमारी के अलावे मल्होर टोली के कार्तिक मल्होर का 18 वर्षीय पुत्र समीर कुमार मल्होर और आदिवासी समुदाय की ज्योसफीन टोप्पो ने पहली बार मतदान कर काफी खुश थे।



### चतरा : 62.96% मतदान

**चतरा।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में चतरा लोकसभा क्षेत्र का चुनाव संपन्न हो गया। 20 मई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक 62.96% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चतरा संसदीय क्षेत्र में दोपहर 5 बजे तक 62.96% मतदान हुआ। जिसमें चतरा विधानसभा क्षेत्र में 60.73%, सिमरिया विधानसभा 63.91%, मनिका 63.25% तथा पांकी विधानसभा क्षेत्र में 61.62% तथा लातेहार विधानसभा क्षेत्र में 66.45% मतदान किया गया।

### रामगढ़ : 69% मतदान

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान सोमवार रामगढ़ और बड़कागांव में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मतदान समाप्त होने के बाद रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और जिले के तमाम मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले मतदाताओं ने रामगढ़ के हर बूथ पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे अधिक रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में मतदाता घर से बाहर निकले और लगभग 69 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले हैं। यह आंकड़ा शाम 5 बजे तक का है। रामगढ़ विधानसभा में ऐसे कई बूथ हैं जिनके आंकड़े पांच बजे तक नहीं आ पाये थे।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक - 753006 (ओड़िशा), भारत / CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 06/SRF/YP-I/AFO/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"चावल की आभासी कांड रोगप्रणाली में कवक प्रभावकों और मेजबान कारकों की पहचान और लक्षण वर्णन"** (ईएपी-382) परियोजना में **एक (01) वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता, एक (01) कृषि प्रक्षेत्र संचालक** एवं **एक (01) यंग प्रोफेशनल-I** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक **04.06.2024 & 15.06.2024** को आयोजित किया जाएगा । आवश्यक/ वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तों से संबंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interviews are to be held on **04.06.2024 & 15.06.2024** for selection of **one (01) Senior Research Fellow (SRF)** and **one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** and **one (01) Young Professional-I (YP-I)** under the **"Identification and characterization of fungal effectors and host factors in rice-false smut pathosystem" (EAP-382)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website- **https://icar-nrri.in.**

*प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR*

**राँची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

सं. सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन /2023 — दिनांक: 17.05.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची ने राँची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: ● **कैटेगरी: एमपीएस; कैटलॉग सं.:** आरएनसीएमपीएस12; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत 07 एमपीएस यूनिटों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू :** दिनांक 29.05.2024 को 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 29.05.2024 को 11.30 बजे। ● **कैटेगरी: एवीएम; कैटलॉग सं.:** आरएनसीएवीएम15; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत एवीएम-2, डब्ल्यूवीएम-11 के लिए ई-नीलामी **नीलामी शुरू :** दिनांक 27.05.2024 को 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 27.05.2024 को 12.30 बजे। ● **कैटेगरी: एटीएम; कैटलॉग सं.:** आरएनसीएटीएम225; **परिसंपत्ति का विवरण:** राँची मंडल के तहत एटीएम हेतु 06 परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 31.05.2024 को 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि:** 31.05.2024 को 12.20 बजे। ● **कैटेगरी: एमआईएससी स्टैटिक्स (मेडिकल फेसिलिटी); कैटलॉग सं.:** आरएनसीएमएफसी7; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची स्टेशन में चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू :** दिनांक 31.05.2024 को 13.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 31.05.2024 को 13.30 बजे। ● **कैटेगरी: एमआईएससी स्टैटिक्स (सैलून); कैटलॉग सं.:** आरएनसीसैलून5; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत राँची स्टेशन में सैलून के परिचालन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू :** दिनांक 30.05.2024 को 13.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 30.05.2024 को 13.30 बजे। ● **कैटेगरी: पार्किंग; कैटलॉग सं.:** आरएनसीपार्किंग25; **परिसंपत्ति का विवरण:** सुइसा, पिस्का और इटकी में पार्किंग के परिचालन एवं प्रबंधन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 30.05.2024 को 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि:** 30.05.2024 को 12.50 बजे। ● **कैटेगरी: वीपीएच; कैटलॉग सं.:** आरएनसीवीपीएच5; **परिसंपत्तियों का विवरण:** ट्रेन नं. 12825/12826 द्वारा हटिया (एचटीई)-आनंदविहार (एएनवीटी)-हटिया (एचटीई) से राउंड ट्रिप आधार पर पार्सल वैन (24 टन क्षमता) की लीजिंग । **नीलामी शुरू :** दिनांक 22.05.2024 को 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि :** दिनांक 22.05.2024 को 10.30 बजे। ● **कैटेगरी: पार्सल; कैटलॉग सं.:** आरएनसीपार्सल26; **परिसंपत्ति का विवरण:** राँची मंडल से शुरू होने वाली 35 पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेनों द्वारा एसएलआर कम्पार्टमेंट को लीज पर देने के लिए 67 परिसंपत्तियों की ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 20.05.2024 को 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तिथि:** 21.05.2024 को 13.50 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि राँची मंडल की ई-नीलामी की नवीनतम जानकारी पाने के लिए, आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें।

(PR-159) — **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
*मुस्कान के साथ सेवा*

# हजारीबाग-कोडरमा के वोटरों ने तोड़ी चुप्पी, दिल खोल कर किया मतदान

**चुनाव आयोग, जिला प्रशासन और संस्थाओं की मेहनत रंग लायी | कोडरमा संसदीय क्षेत्र के बूथों पर भी सुबह में ही पहुंच गये वोटर | पोलिंग बूथों पर लंबी-लंबी कतारें दिखीं महिला, युवाओं में ज्यादा दिखा उत्साह | वीआइपी लोगों के साथ-साथ आम लोगों ने भी उत्साह से किया मतदान**

आजाद सिपाही टीम

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में मतदान शांति पूर्वक संपन्न हो गया। खबर लिखे जाने तक 63.66 से अधिक मतदान हुए थे। कई मतदान केंद्रों पर शाम 5 बजे के बाद भी मतदाता कतारबद्ध थे और मतदान की प्रक्रिया जारी थी। वैसे मतदाता जो 5 बजे से कतार में थे उन्हें मतदान कराया जा रहा था। सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भिड़ उमड़ पड़ी। सुबह 9 बजे तक हजारीबाग लोक सभा में 12.15% मतदान हो चुके थे। जबकि साढ़े 11 बजे तक 25.45% मतदाताओं ने अपना वोट कर दिया था। साढ़े 11 बजे तक हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा क्षेत्र में 25% बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 26.53%,रामगढ़ क्षेत्र में 27.87%,मांडू क्षेत्र में 25.37%, हजारीबाग क्षेत्र में 22.77% मतदाताओं ने वोट दिया। डेढ़ बजे तक 40.16% मतदान हुए। वहीं साढ़े तीन बजे तक मतदान बढ़ कर 52.54% हो गया। डीसी नैंसी सहाय ने बताया कि पूरे जिले में मतदान 5 बजे के बाद भी कई बूथ पर मतदान जारी था जिसके कारण वोट प्रतिशत में वृद्धि हो सकती है। सभी इवीएम को बाजार समिति स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराया गया। बूथ संख्या 188 पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपनी धर्मपत्नी निशा, पुत्र करण, भाई प्रशांत और निशांत, भाई प्रशांत जायसवाल की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल के साथ बूथ पर पंहुचे और वोट डाला। इससे पूर्व उनके पिता पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और उनकी माता विद्या जायसवाल ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट किया।










### चुनाव में महिला वर्ग में काफी उत्साह

**कोडरमा।** सोमवार को लोकसभा चुनाव में अपना मतदान करने को लेकर युवा और महिला वर्ग में काफी उत्साह देखा गया। लोग सुबह के सात बजे से पहले ही मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध हो कर मतदान करने पहुंचने लगे थे। वही लोग अपने चहेते प्रत्याशी को मतदान करने और लोकतंत्र में प्राप्त वोट डालने के लिए बुजुर्ग, विकलांग, पुरूषों की भीड देखी गयी। कई महिला वोटरो ने इस बार देश में बढती मंहगाई व सुरक्षा और क्षेत्र के विकास के मुद्दों को लेकर अपना प्रत्याशी चुनने व मतदान करने की बात कही। वही वोट डालने के लिए घंटो देर तक लाइन में खड़ी हो कर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आये।

### महिला पुलिस कर्मियों की हुई थी तैनाती

लोकसभा चुनाव 2024 में शांति पूर्वक चुनाव कार्य संपन्न कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद दिखा। संसदीय क्षेत्र के कई बूथो पर महिला सुरक्षा कर्मी तैनात किये गये थे। महिला पुलिस कर्मी सुबह के सात बजे से चुनाव कार्य संपन्न होने तक मुस्तैदी से तैनात रही। इन महिला पुलिस कर्मी को क्षेत्र के कई संवेदनशील क्षेत्रो में भी तैनात किया गया था।

### झुमरीतिलैया के बूथों में शांतिपूर्वक मतदान

**झुमरीतिलैया।** शहर के सभी बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान हुआ। मतदाता काफी संख्या में सुबह 7 बजे से कतारबद्ध अपने बारी का इंतजार कर रहे थे। सभी में उत्साह और संतोष था। सुबह 10 से 11 बजे तक तकरीबन कई बूथों पर 30 प्रतिशत मतदान हो चुके थे हालांकि दोपहर को 1 से 2 बजे के बीच कहीं-कहीं बूथों पर पीठासीन अधिकारी मतदान, बूथ एजेंट और कुछ मतदाताओं के अलावा पूरा केंद्र खाली था। फिर 2 बजे के बाद पुनः मतदाताओं का जुटान शुरू हो गया। दोपहर 3 बजे तक तकरीबन 60 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

### कोडरमा में 60 से 65 फीसदी वोटिंग

**कोडरमा।** संसदीय क्षेत्र में आज कई मतदान केंद्रों पर लंबी लाइनें देखने को मिली। सुबह मतदाताओं की भीड दिखी पर बाद में विभिन्न बूथों पर सन्नाटे भी देखने को मिला। संसदीय क्षेत्र में अबतक मिली जानकारी में 60 से 65 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। इस संसदीय क्षेत्र शहरी इलाके झुमरीतिलैया और कोडरमा में मतदान प्रतिशत अच्छा रहा पर कई जगहों पर वोटरों में उदासीनता की स्थिति भी नजर आयी। बगोदर विधानसभा में भी वोटरों में उत्साह देखने को मिला जबकि धनवार, गांडेय, जमुआ और बरकट्ठा में भी कई बूथों पर वोटरों ने कतार में लगकर मत दिया।

### भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ किया मतदान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अपने परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ मतदान किया। अपनी पत्नी निशा जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल और निशांत जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल की धर्मपत्नी ट्विंकल जायसवाल के साथ बूथ पर पंहुचे और वोट डाला। इससे पूर्व उनके पिता पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और उनकी माता विद्या जायसवाल ने मतदान केंद्र पहुंच कर वोट किया। उन्होंने हजारीबाग शहर के वार्ड संख्या 27 स्थित मालवीय मार्ग के अपने बिहारी बालिका उच्च विद्यालय स्थित बूथ संख्या 209 पंहुचे, जहां मतदान से पूर्व की सारी प्रक्रिया पूरी कर लोकतंत्र के इस पर्व में अपने मत का उपयोग किया। मनीष जायसवाल ने समस्त हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों से सभी मतदाताओं से अपील किया की कि अपने- अपने घरों से निकल कर लोकतंत्र के अधिकार का उपयोग जरूर करें।

### मताधिकार का उपयोग करने में महिलाएं रहीं आगे



**महुआडांड/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए महुआडांड प्रखंड में सोमवार को हुए मतदान में आशंकाओं के बीच शांति पूर्वक संपन्न हो गया। महुआडांड प्रखंड में जिला व प्रखंड प्रशासन के द्वारा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चलाये गये कार्यक्रम का असर दिखा। यही कारण रहा कि महुआडांड प्रखंड में इस बार रिकार्ड तोड़ मतदान 60.26 फीसदी वोटिंग हो पायी। सुबह 7 बजे से शुरू हुए मतदान में सबसे पहले मतदान के लिए उत्सुकता देखी गयी। मतदाताओं के लंबी कतार का सिलसिला 3 बजे तक देखा गया।

# विमान दुर्घटनाएं टालने के लिए सुरक्षा मापदंड

दुनिया भर के लोगों में विमान यात्राओं का चलन बढ़ रहा है। अब पहले से कहीं अधिक भारतीय लोग भी देश के भीतर या बाहर की हवाई यात्रा को अधिमान दे रहे हैं। इस वर्ष के पहले तीन महीनों में ही 9.7 करोड़ भारतीय यात्रियों ने विमान यात्रा की। दुनिया भर के लोगों में विमान यात्राओं का चलन बढ़ रहा है। अब पहले से कहीं अधिक भारतीय लोग भी देश के भीतर या बाहर की हवाई यात्रा को अधिमान दे रहे हैं। इस वर्ष के पहले तीन महीनों में ही 9.7 करोड़ भारतीय यात्रियों ने विमान यात्रा की। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू हवाई यात्री यातायात 2019 की तुलना में 21 प्रतिशत तथा अंतरराष्ट्रीय यात्रा में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, परंतु इसके साथ ही देश-विदेश में विमानों के परिचालन के दौरान किसी बड़ी घटना की चेतावनी देती छोटी-मोटी घटनाएं भी लगातार हो रही हैं, जिनमें से इसी वर्ष 2024 की चंद घटनाएं निम्न में दर्ज हैं : 9 मई को चुनाव प्रचार के दौरान लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान के हैलीकाप्टर का एक पहिया बिहार में उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के मोहद्दी नगर में हैलीपैड पर लैंडिंग के दौरान जमीन में धंस गया। 9 मई को ही पश्चिम अफ्रीकी देश सेनेगल की राजधानी डकार से 85 यात्रियों को लेकर माले के लिए उड़ान भर रहा बोइंग 737 विमान हवाई अड्डे के रनवे से फिसल जाने के परिणामस्वरूप 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। 13 मई को आस्ट्रेलिया में 3 लोगों को लेकर जा रहे एक विमान ने सिडनी के उत्तर में स्थित हवाई अड्डे से पोर्ट मेकवेरिए के लिए उड़ान भरी ही थी कि विमान के लैंडिंग गियर में खराबी आ गयी। इसके परिणामस्वरूप विमान चालक ने विमान का ईंधन खत्म करने के लिए 3 घंटे तक हवाई अड्डे के ऊपर चक्कर काटते रहने के बाद विमान को किसी तरह सुरक्षित नीचे उतार कर उसमें सवार यात्रियों की जान बचायी। 17 मई को 175 यात्रियों को लेकर नई दिल्ली से बेंगलुरु जा रहे एयर इंडिया के विमान को एयर कंडीशनिंग यूनिट में आग लगने के संदेह में वापस दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। 17 मई को ही 200 यात्रियों को लेकर पुणे से दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का एक विमान उड़ान भरने के लिए रनवे की ओर बढ़ते समय हवाई अड्डे की लगेज ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गया, जिससे उसकी उड़ान रद्द करनी पड़ी। 18 मई को केरल के तिरूवनंतपुरम से बेंगलुरू जा रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान को तकनीकी खराबी के कारण वापस उतार लिया गया। निश्चय ही विमानों का इस तरह तकनीकी खराबियों का शिकार या दुर्घटनाग्रस्त होना अत्यंत चिंताजनक है। अतः विमानन कम्पनियों द्वारा सुरक्षा मापदंडों को और सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है, ताकि कभी कोई बड़ी विमान दुर्घटना लोगों की जान की दुश्मन न बन जाये।

**रिपोर्ट के अनुसार घरेलू हवाई यात्री यातायात 2019 की तुलना में 21 प्रतिशत तथा अंतरराष्ट्रीय यात्रा में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, परंतु इसके साथ ही देश-विदेश में विमानों के परिचालन के दौरान किसी बड़ी घटना की चेतावनी देती छोटी-मोटी घटनाएं भी लगातार हो रही हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भंसाली एक अदम्य प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता, लेखक और संगीतकार-अपने आलोचकों के निशाने पर हैं। उन्होंने शेक्सपियर के रोमांस रोमियो और जूलियट के पवित्र रूपांतरण जैसी फिल्मों के साथ उन्हें चुनौती दी है इसे रामलीला शीर्षक दिया। इसने कुछ रुढ़िवादी रामभक्तों को क्रोधित कर दिया। उन्हें इसका नाम बदलकर गोलियों की रासलीला राम-लीला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनके विरोधियों ने उन्हें पहले दिल्ली उच्च न्यायालय और फिर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की शरण में जाने के लिए मजबूर किया।**

# लाहौर की 'हीरा मंडी' और संजय लीला भंसाली

फकीर ऐजाजुद्दीन




नरेंद्र मोदी और संजय लीला भंसाली में कुछ समानता है। वे दोनों पाकिस्तान को विकृत चश्मे से देखते हैं। पाकिस्तान के बारे में मोदी की धारणा एक ऐसे पड़ोसी देश की है, जिस पर आतंकवादियों ने कब्जा कर लिया है, जो हमले के लिए भारतीय स्थानों की तलाश में हैं। भंसाली शानदार झूठ रचने के लिए अपने कैमरे के लैंस का उपयोग करता है। उनकी नवीनतम लाहौर के रैड-लाइट एरिया, जिसे हीरा मंडी के नाम से जाना जाता है, पर 8 भाग की नैटफ्लिक्स श्रृंखला है। (संयोग से, इसका नाम महाराजा रणजीत सिंह के पसंदीदा राजा हीरा सिंह के नाम पर पड़ा।)

भंसाली एक अदम्य प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता, लेखक और संगीतकार-अपने आलोचकों के निशाने पर हैं। उन्होंने शेक्सपियर के रोमांस रोमियो और जूलियट के पवित्र रूपांतरण जैसी फिल्मों के साथ उन्हें चुनौती दी है इसे रामलीला शीर्षक दिया। इसने कुछ रुढ़िवादी रामभक्तों को क्रोधित कर दिया। उन्हें इसका नाम बदलकर गोलियों की रासलीला राम-लीला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनके विरोधियों ने उन्हें पहले दिल्ली उच्च न्यायालय और फिर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की शरण में जाने के लिए मजबूर किया, जिसने फिल्म की रिलीज के एक हफ्ते बाद उत्तर प्रदेश में फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया। इन बाधाओं के बावजूद, गोलियों की रासलीला राम-लीला की पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गयी।

**भंसाली का नवीनतम प्रोडक्शन हीरामंडी : द डायमंड बाजार उनके निजी दिमाग की उपज है।**

भंसाली की अगली परियोजना बाजीराव मस्तानी (2015) में मराठा नायक पेशवा बाजीराव प्रथम और उनकी दूसरी पत्नी मस्तानी के बीच प्रेम का गुणगान किया गया। बाजीराव और मस्तानी के वंशजों ने यह दावा करते हुए उस फिल्म को अस्वीकार कर दिया कि भंसाली द्वारा अत्यधिक रचनात्मक स्वतंत्रता के कारण उनके पूर्वजों का गलत चित्रण हुआ। जब स्थगन के लिए बाम्बे उच्च न्यायालय से संपर्क किया गया, तो चतुराई से इंकार कर दिया गया। एक बार फिर, भंसाली ने अपने आलोचकों को जवाब दिया जब यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक बन गयी। भंसाली की पद्मावत (2018) ने 13वीं सदी के मेवाड़ के राजपूत शासक रावल रतन सिंह और दिल्ली सल्तनत के शासक अलाउद्दीन खिलजी को गुमनामी से बाहर निकाला। दोनों में खूबसूरत रानी पद्मिनी (उर्फ पद्मावत) के लिए प्रतिस्पर्धा थी। एक उग्र समापन में, भंसाली ने पद्मिनी को सामूहिक जौहर (आत्मदाह) करने के लिए चित्तौडगढ़ किले के भीतर फंसी राजपूत महिलाओं की एक भीड़ का नेतृत्व करने के लिए कहा।

उपद्रवियों ने चिता शांत होने या भंसाली द्वारा अपनी फिल्म पूरी करने का इंतजार नहीं किया। 2017 में जयपुर में इसकी शूटिंग के दौरान श्री राजपूत करणी सेना के दिग्गजों ने भंसाली, उनकी टीम के साथ मारपीट की और सैट को नुकसान पहुंचाया। बाद में, दूसरे समूह ने एक स्टूडियो और उस दौर की महंगी पोशाकें जला दीं। जब पद्मावत साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गयी तो भंसाली ने बदला लिया।

भंसाली का नवीनतम प्रोडक्शन हीरामंडी : द डायमंड बाजार उनके निजी दिमाग की उपज है। उन्होंने 14 वर्षों तक इस विचार को प्रस्तुत किया, फिर इसका निर्देशन किया, पटकथा का सह-लेखन किया, इसका संगीत तैयार किया और टेलीविजन के लिए एक लघु-श्रृंखला के रूप में इसका निर्माण किया। कहानी 1940 के दशक के अंत में लाहौर की हीरा मंडी पर आधारित है। यह तवायफों या नर्तकियों की कठिनाइयों से संबंधित है, क्योंकि वे पहले सामाजिक स्वीकृति और फिर राजनीतिक स्वीकृति के लिए संघर्ष करती हैं। देर से देशभक्ति के विस्फोट में, वे लाहौर की सड़कों पर मार्च करती हैं, उनके घुंघरू सीढ़ियों पर झंकारते हैं और अपने पूर्व ब्रिटिश ग्राहकों से आजादी की मांग करते हैं। जाहिर तौर पर भंसाली चाहते थे कि फिल्म में पाकिस्तानी कलाकार अभिनय करें। राजनीति में हस्तक्षेप किया। ऐसा नहीं है कि पाकिस्तानी अभिनेता भंसाली के आलोचकों द्वारा लगाये गये पहले आरोप के खिलाफ ढाल प्रदान कर सकते थे। इसकी ऐतिहासिक प्रामाणिकता की कमी थी।

कई लाहौरी और वे बाहरी लोग जो इसे पसंद करते हैं, भंसाली की हीरा मंडी की सामाजिक स्थलाकृति को नहीं पहचानेंगे। उनके बहुभाषी कलाकार अपने उर्दू संवादों को तो अच्छी तरह दोहराते हैं, लेकिन उचित उच्चारण की बारीकियों को नजरअंदाज कर देते हैं। उनकी अनेक नायिकाएं भव्य रूप से सजी-धजी रहती हैं। उनके मांसल पुरुष अभिनेता अक्सर कपड़े उतारते थे और केवल निचले स्तर के लोग- नौकरानियां और एक सिख प्रेमी-प्रेमिका-पंजाबी बोलते हैं। उनके नर्तक चक्करदार दरवेशों की तरह घूमते हैं, जो पहले के मुस्लिम सामाजिक नाटकों, विशेष रूप से मुगल-ए-आजम और पाकीजा में अपनी बड़ी बहनों की नकल करते हैं। उनके लोग अनावश्यक रूप से रोएंदार टोपी पहनते हैं जिसे एक बार दिवंगत अभिनेता/तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमजी रामाचंद्रन ने लोकप्रिय बना दिया था।

इन वर्षों में लाहौर की हीरा मंडी, अपने निवासियों की तरह अपना आकर्षण खोने लगी। व्यापार लाहौर के पुराने शहर से नये स्थानों पर स्थानांतरित हो गया, जिससे लाहौर की फूड स्ट्रीट को रास्ता मिल गया। जो कोठे कभी घुंघरुंओं की आवाज से गूंजते थे, वहां अब महंगे रेस्तरां हैं। 1970 के दशक के बाद लंदन के सोहो में भी इसी तरह का बदलाव आया। कुछ पाठकों को याद होगा कि 1959 में, यूके ने सड़क अपराध अधिनियम लागू किया था। इसने सार्वजनिक स्थान पर घूमना-फिरना अपराध बना दिया। इसका उद्देश्य ब्रिटिश शहरों को आयातित सड़क पर चलने वालों से साफ करना था। हास्य अभिनेता पीटर उस्तीनोव ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए सुझाव दिया कि सड़कों की सफाई करना भोजन के बाद मेज को साफ करने जैसा है किसी को क्रॉकरी कहीं रखनी होगी। पिछले कुछ वर्षों में, लाहौर की हीरा मंडी से क्रॉकरी समृद्ध वातावरण में स्थानांतरित हो गयी है। यदि वह हीरा मंडी अस्तित्व में है, तो यह भंसाली के टैक्नीकलर दिमाग के एक काल्पनिक रेड लाइट उपनगर के रूप में है।

**इन वर्षों में लाहौर की हीरा मंडी, अपने निवासियों की तरह अपना आकर्षण खोने लगी। व्यापार लाहौर के पुराने शहर से नये स्थानों पर स्थानांतरित हो गया, जिससे लाहौर की फूड स्ट्रीट को रास्ता मिल गया। जो कोठे कभी घुंघरुंओं की आवाज से गूंजते थे, वहां अब महंगे रेस्तरां हैं। 1970 के दशक के बाद लंदन के सोहो में भी इसी तरह का बदलाव आया।**

## जमशेदपुर की खबरें

# जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर विद्युत महतो ने मांगा जनता का आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत कई मंडलों में सघन दौरा किया। लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांगा। बिद्युत महतो ने जुगसलाई, घोड़ाबांधा, परसुडीह, गोविंदपुर में मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा-आजसू कार्यकताओं के संग जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी के रूप में आशीर्वाद और समर्थन मांगा। वही जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत जुगसलाई बाजार, मेन रोड, चौक बाजार, स्टेशन रोड, गौशाला नाला रोड, एम ई स्कूल, नया बाजार रोड, गोविंदपुर क्षेत्र अंतर्गत बारीगोड़ा, राहरगोड़ा, गदरा, यशोदानगर, गोविंदपुर हॉल्ट, गोविंदपुर बाजार, तीन तल्ला, चांदनी चौक एवं घोड़ाबांधा क्षेत्र अंतर्गत खरंगाझार, राधिकानगर, घोड़ाबांधा, मनपीटा, हुरलुंग, प्रकाश नगर समेत अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। अभियान के क्रम में कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिंदाबाद, एनडीए जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बिद्युत महतो जिंदाबाद एवं अबकी बार 400



पार जैसे नारों के संग लोगों से संवाद किया। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार एवं सांसद बिद्युत महतो के उल्लेखनीय विकास कार्यों एवं प्रयासों पर पत्रक भेंटकर उन्हें जागरूक किया। बिद्युत महतो ने लोगों से 25 मई को अधिक से अधिक की संख्या में मतदान करने और ईवीएम क्रम संख्या 2 पर बटन दबाकर भाजपा को समर्थन और आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जमशेदपुर के समुचित विकास को लेकर हमेशा से कटिबद्ध रही है। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में दशकों पुरानी मांग रेलवे ओवरब्रिज भाजपा सरकार के प्रयास स्वरूप पूरा हुआ। कांग्रेस के पांच-छह दशक के काम और नरेंद्र मोदी सरकार के दस साल के काम उनके 60 साल के कार्यों पर भारी है। इंडी गठबंधन नेतृत्वहीन गठबंधन है। जिसमें अब तक कोई नेतृत्वकर्ता तय नही हुआ है। जमशेदपुर की प्रबुद्ध जनता ऐसे नेतृत्वहीन गठबंधन पर कभी भरोसा नही करेगी। फिर से एक बार मोदी की गारंटी पर मुहर लगाकर देश में मजबूत, सशक्त नेतृत्व वाली मोदी सरकार बनाएगी। मौके पर जितेंद्र राय, हन्नु जैन, धनजी, राजू, मिथिलेश प्रसाद समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 23 जून को 'अर्पण' का महा रक्तदान शिविर, जुटेंगे लौहनगरी के सैकड़ों युवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' का रक्तदान शिविर को लेकर कर कार्यालय में एक बैठक के आयोजन किया गया। बैठक में संस्था के सैकड़ो सदस्य शामिल रहे। वैसे अर्पण संस्था रक्त मुहैया करवाने में एक अलग पहचान बना चुकी है। बैठक में आगामी 23 जून को सामाजिक संस्था अर्पण का होने वाले 9वें महा रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए अर्पण परिवार के प्रमुख टीम लीडरों ने संकल्प लिया। अमरप्रीत सिंह काले ने कहा आगामी 23 जून को सामाजिक संस्था अर्पण का 9वें महा रक्तदान शिविर साकची स्थित रेड क्रोश भवन मे किया जाएगा। उन्होंने शिविर में शहर की युवाओ को ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की।श्री काले ने कहा गर्मियों में रक्तदान शिविरों की कमी होने के कारण जमशेदपुर के ब्लड बैंक में रक्त की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से बीते 9 वर्ष पूर्व संस्था का निर्माण किया गया था। उस दौरान तकरीबन 20 युवा टीम लिडरों द्वारा समूह का निर्माण किया गया था। समूह के पास नाम नहीं होने के कारण भोले बाबा के नाम पर प्रथम शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन सफल होने के बाद 'अर्पण उद्देश्य सेवा भाव' के नाम से समूह का गठन किया गया। संस्था द्वारा बीते 9 वर्षों में रिकॉर्ड स्तर पर रक्तदान करवाकर हजारों मरीजों की जान बचाई गयी। संस्था निर्माण में अमरप्रीत सिंह काले, जुगन पांडे, पप्पू राव, महेश मिश्रा, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, धीरज चौधरी, सरबजीत सिंह, मनीष सिंह, दीपक सिंह,कौशिक शुभम लाल, अनूप तिवारी, स्वदेश कर सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा है।



# राजद नेता गौतम सागर राणा पहुंचे जमशेदपुर, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश राजद के लोकसभा संयोजक गौतम सागर राणा सोमवार को जमशेदपुर पहुंचे। जहां राजद नेत्री शारदा देवी के नेतृत्व में राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्री राणा का गर्मजोशी से स्वागत किया। मीडिया से बातचीत के क्रम में राणा ने झारखंड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश में हवा का रुख इंडिया गठबंधन की तरफ मुड़ गया है। उन्होंने कहा कि अब जमशेदपुर की जनता भी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि राजद पूरी ताकत के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में खड़ा है।



श्री राणा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता बीजेपी के नीतियों से त्रस्त है। इलेक्ट्रोल बांड के जरिए दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। प्रधानमंत्री इस मामले पर मौन हैं। महंगाई पर मोदी जी मौन हैं। साम्प्रदायिक मुद्दों को हवा देकर वे जनता को गुमराह कर रहे हैं। गौतम सागर राणा ने चुनाव आयोग के भूमिका पर सवाल उठाते हुए जांच की माग उठायी है। उन्होंने कहा कि आयोग गलत आंकड़े पेश कर बीजेपी को मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान के दो घंटे बाद भी आयोग स्पष्ट आंकड़े नहीं पेश कर रहा है जो गलत है। इसकी जांच होनी चाहिये।

# जमीन कारोबारी 30 वर्षीय लालू प्रधान की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया थाना अंतर्गत गोविंदपुर गांव में बीती रात जमीन कारोबारी 30 वर्षीय लालू प्रधान को तलवार से काटकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर हत्या के आरोपी अरविंद और शशि फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस दोनों के परिजनों से पूछताछ कर रही है।मिली जानकारी के अनुसार लालू प्रधान जमीन की खरीद-बिक्री करता था। अरविंद और शशि का जमीन कारोबारी के साथ विवाद चल रहा था। रविवार देर रात दोनों ने लालू को बातचीत के लिए बुलाया। जहां पहले से ही घात लगाए बैठे अरविंद और शशि ने तलवार और टांगी से लालू पर हमला कर दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद दोनो ही मौके से फरार हो गया।उधर घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है लालू के चाचा निरंजन प्रधान पर भी बीते दिनों जानलेवा हमला हुआ था। वह बाल बाल बच गए। वही निरंजन के भतीजे लालू प्रधान की हत्या होने पर इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।



# पूर्व सैनिक सेवा परिषद का प्रतिनिधिमंडल मिला ओआइसी से, मुद्दों पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पूर्व सैनिक सेवा परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को इसीएचएस से जुड़े पूर्व सैनिको की समस्याओं को लेकर ओआइसी से मिल। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे पूर्व सैनिक साथियों के लिए स्कीम के तहत दवा की अनुपलब्धता के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि सभी जगह जमशेदपुर जैसे हालात नहीं है। परिषद के सदस्यों ने बताया कि ओआइसी ने उनके सामने ही एमएच कमांडेंट से इस संबंध में बात कर उन्हें आश्वासन दिया कि आश्वासन दिया कि 7 दिनो के अंदर दवाइयां उपलब्ध कराने की कोशिश की जाएगी। यही नहीं उन्होंने सैनिक कल्याण से संबंधित पत्रों की कॉपियां भी उन्हें मुहैया करायी। उन्होंने बताया कि इसीएचएस से जुड़े मुद्दों को लेकर परिषद् के एक प्रतिनिधिमंडल के हर माह ओआइसी से मुलाकात करने का निर्णय भी लिया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर के प्रतिनिधिमंडल में संगठन के जिला अध्यक्ष विनय यादव के साथ संगठन के राज्य मंत्री सिद्धनाथ सिंह के साथ अवधेश कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, एसके सिंह, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, कमलेश कुमार, निरंजन सिंह, प्रवीण कुमार पांडे, राजीव कुमार, संजय कुमार, दलबीर सिंह, केएन सिंह, भारत किशोर कुमार, कुंदन सिंह, रमेश प्रसाद, निर्मल कुमार समेत अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।



# राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आकर दो किशोर की मौत

**रेलवे ट्रैक पर खेल रहे थे ऑनलाइन पब्जी गेम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन के समीप चेचरिया ग्राम के पोल नंबर 9/11 के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर दो किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना रविवार रात्रि की है, मृतकों में शहर निवासी मंजूर खलीफा के पुत्र लकी खलीफा और सुद्दू साई का पुत्र मुबारक साई का नाम बतलाया जा रहा है। घटना के बाद माहौल गमगीन हो गया परिजन चित्कार मारकर रोने लगे। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे एक शादी समारोह में भाग लेने चेचारिया ग्राम में रेलवे ट्रैक के बगल स्थित अमीन खान के घर गये थे। शादी में शामिल होने के बाद वह दोनों



लड़के लगभग आधी रात को रेलवे ट्रैक पर पबजी ऑनलाइन गेम खेलने लगे इस दौरान पोल संख्या 9/ 11 के समीप बैठे किशोरो के हटिया दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में लोग रेलवे ट्रैक पहुंचे, उसके पश्चात पुलिस को सूचना मिलने के बाद दोनों मृतकों के शव का पंचनामा कर शव को परिजन को सौंप दिया गया।

# आजसू नेताओं ने चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार को युवा आजसू के प्रदेश संयोजक सह गढ़वा जिला प्रभारी रविंद्र नाथ ठाकुर और आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य डॉ इश्तियाक रजा ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के भुईया चित्रों, कारकोटा पंचायत के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से मिलकर आजसू पार्टी के उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। युवा आजसू के प्रदेश संयोजक रवींद्रनाथ ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में जनता विकास और अनुभव के नाम पर वोट करेगी। मतदाता किसी के झांसे में नहीं आयेंगे। एनडीए प्रत्याशी चंद्र



प्रकाश चौधरी भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। केंद्रीय सदस्य डॉ इश्तियाक रजा ने कहा कि कुछ लोग इस चुनाव को दूसरा मोड देने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन जनता उनके झांसे में आने वाली नहीं है। लोकसभा की क्षेत्र बड़ा है और जवाबदेही भी बड़ी है। इसमें मतदाता जवाबदेह और जिम्मेदार व्यक्ति को वोट करके लोकसभा भेजना चाहेगी।

# आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर में शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर रहा है : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** जल्द ही अधौरा स्थित आरके पब्लिक स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से इंटर का मान्यता मिल जायेगा। उक्त जानकारी सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्कूल के निदेशक अलख नाथ पांडेय ने दिया। उन्होंने बताया कि स्थापना काल से ही आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर में शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर रहा है। 2020 में सीबीएसई मैट्रिक तक की मान्यता स्कूल को मिली थी। 2024 के परीक्षा में स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 35 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें सभी बच्चे फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुआ। चार बच्चों का मार्क्स 90 प्रतिशत से अधिक रहा। इतने छोटे जगह में ऐसी सफलता स्कूल के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के



सहयोग से संभव हो सका है। श्री बंशीधर नगर में प्रतिभा की कमी नहीं है, उचित प्लेटफार्म नहीं मिलने के कारण प्रतिभा सामने नहीं आ पा रही थी। उन्होंने बताया की नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल में हर प्रकार के बुनियादी ढांचा का विकास किया गया है, इसमें स्मार्ट क्लास, लैब, पुस्तकालय, खेल मैदान सहित अन्य जरूरी चीजों का विकास गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल में नई शिक्षा नीति के तहत 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रेस वार्ता के प्रिंसिपल एलके ओझा भी मौजूद थे।

# फार्मेसी कॉलेज में माता किस्मती कुंवर की मनायी गयी पुण्यतिथि



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित किसमती कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी परिसर में सोमवार को माता स्वर्गीय किसमति कुंवर की चौथी पुण्य तिथि मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के संस्थापक डॉ अनिल कुमार साह सचिव वीरेंद्र प्रसाद, शिक्षिका श्वेता गुप्ता, निदेशक लव कुमार सिंह, कॉलेज के प्राचार्य श्रीकांत चौधरी समाजसेवी उदय मेहता, डॉ लव कुमार मेहता, कॉलेज की शिक्षिका किंजल सिंह राठौर, राजकुमार, अंजनी कुमारी, ममता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ अनिल साह ने कहा कि यह फामेर्सी कॉलेज मेरी मां के नाम से संचालित है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी पूरी लगन तथा कड़ी मेहनत कर शिक्षा ग्रहण करें ताकि अपना तथा कॉलेज का नाम रौशन कर सकें। उन्होंने शिक्षक व शिक्षेत्तर कर्मचारियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए संकल्पित कराया। समजसेवी उदय मेहता ने कहा कि ईश्वर सभी को किस्मती कुंवर के जैसा मां दें ताकि डॉ अनिल साह और वीरेंद्र के जैसा धरती पुत्र हों, जो चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में गढ़वा जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। मौके पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा सभी छात्र छात्रा के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर संस्थान के छात्र छात्रा साहित अन्य कई गणमान्य लोग सामिल थे।

# ग्रामीण जलापूर्ति योजना में पाइप की चोरी, चार गिरफ्तार

**34 डी आई पाईप लदे ट्रक - स्कोर्पियो - मोटरसाइकिल जब्त, गिरफ्तार अभियुक्तों ने किया अपराध स्वीकार, डीएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका थाना क्षेत्र के सिरोई खुर्द - कटरा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिछाये जा रहे पाईपों की चोरी करते रंका थाना पुलिस ने रविवार की रात्रि करीब 1:30 बजे चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके संदर्भ में रंका थाना कांड सं०- 78/24, 19.05.2024, धारा- 379 भा०द०वि० के तहत कांड दर्ज करते हुए घटना का उद्भेदन गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के आदेशानुसार रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह और पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित





कार्रवाई करते हुए कांड के अप्रा०अभि० 1. अयुब अंसारी पिता वाजुद्दीन अंसारी ग्राम - बुढ़ीबीर थाना चैनपुर जिला पलामू, 2. सब्बा अहमद पिता साधु मियां ग्राम- गोड़थपा, 3. मुमताज अंसारी पिता स्व० मकतुल मियां व 4. सज्जाद अंसारी पिता मुमताज अंसारी दोनों ग्राम- मुर्गाबनी तीनों थाना गोविंदपुर जिला धनबाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर कांड में चोरी गये 34 डी आई पाईपों को बरामद किया गया है। रंका थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रविवार को वादी आनंद गोपाल उम्र-30 वर्ष पिता - रेवती रमण ग्राम - मोतीपुर थाना - बहेरा जिला - दरभंगा जो ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत पाईपलाइन बिछाने का कार्य कर रही, राजगृही सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी में साईट इंचार्ज के पद पर पदस्थापित हैं और इनका काम रंका थाना अंतर्गत सिरोई खुर्द-कटरा में साईटों का देखभाल और निगरानी करने का काम करते हैं, के द्वारा रंका थाना को आवेदन दिया गया कि 1:30 बजे रात्रि में हुरदाग साईट पर चार पांच आदमी के द्वारा ट्रक सं० - जेएच10 जेड 2735 पर डीआई पाईप लोड कर चोरी किया जा रहा है तथा इसके बगल में एक बिना नंबर प्लेट के काला रंग का स्कोर्पियो रेकी कर रहा है, तथा एक मोटरसाइकिल (न० - जे एच 03 क्यू 4469) भी है, जिसपर दो व्यक्ति सवार हैं जो इधर उधर घूम-घूम कर रेकी कर रहे हैं। इसके आलोक में रंका पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने में सफल रही है। इस छापामारी दल में रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, रंका पुलिस निरीक्षक जीतेंद्र कुमार आजाद, रंका थाना प्रभारी अनील नायक, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सहित रंका थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## बृजनाथ सिंह इंटर कॉलेज में नामांकन शुरू

**केतार(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बृजनाथ सिंह इंटर कॉलेज बलीगढ़ का इंटर फर्स्ट इयर का रिजल्ट 98.8 प्रतिशत रहा। इस कॉलेज से तीनों संकाय मिलाकर 158 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया था। कॉलेज के प्राचार्य प्रतिमा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताई की बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय में सत्र 2024-26 के लिए इंटर के तीनों संकाय विज्ञान, कला और वाणिज्य में नामांकन प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कही कि महाविद्यालय में नियमित कक्षा, पुस्तकालय, छात्रवृत्ति और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को विशेष सुविधा मुहैया करायी जाती है। उन्होंने बताया कि इंटर में नामांकन के लिए दसवीं का अंक पत्र, आधार कार्ड, पंजीयन सहित दो फोटो लेकर आना अनिवार्य है। प्रचार्या ने क्षेत्र के अभिभावकों को इस कालेज में नामांकन कराने का आग्रह किया है।

# मनरेगा कूप निर्माण में अनियमितता की लिखित शिकायत

**पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने डीडीसी और बीडीओ को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मनरेगा कुप निर्माण में जेसीबी मशीन से खुदाई कराने की लिखित शिकायत पूर्व मुखिया प्रतिनिधि आनंद कुमार दुबे ने डीडीसी और बीडीओ से की हैं। जिसमें दिये गये आवेदन में उन्होंने लिखा गया है कि झारखंड सरकार के द्वारा मनरेगा कुप निर्माण में मनरेगा मजदूर जॉब कार्डधारीयों से कार्य कराना है, लेकिन धड़ल्ले से जेसीबी मशीन से मनरेगा कुआं की खुदाई जारी है, जिससे हमारे यहां के मजदूरों को यहां काम नहीं मिलने से वह दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं, जिसमें सोनपुरवा पंचायत के आच्छोंडीह



गांव निवासी बिगन चौधरी के खेत में कूप निर्माण जेसीबी मशीन से करायी जा रही है। जिसे जांचों उपरांत कार्रवाई करने की मांग की गयी है। तथा सभी पदाधिकारियों को जेसीबी से काम करते हुए प्रमाण के रूप में बीडीओ से भी साझा किया है। इधर इस संबंध में सूचना मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने बताया कि मनरेगा योजना में मनरेगा मजदूर से ही कार्य करना है, जेसीबी मशीन से कार्य कराना जुर्म है, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि स्थल पर जाकर जेसीबी पकड़ने का भी उन्होंने प्रयास किया, परंतु जेसीबी नहीं मिला। सत्यापन करते हुए इस योजना को रद्द कर लाभुक सहित अन्य लोगों पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जबकि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अखिलेश कुमार, पंचायत सचिव सुरेश सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया, जिसमें बीपीओ अखिलेश कुमार ने स्पष्ट करते हुए कहा कि इस कुआं में जेसीबी से कार्य कराया गया है, जो गलत है तथा सभी जेसीबी मालिकों के साथ एक बैठक बुलाकर सभी को हिदायत दी जायेगी कि मनरेगा योजना में वे अपनी जेसीबी से कार्य नहीं करायें, अन्यथा पकड़े जाने पर प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी।

# शिव मंदिर प्रांगण में भानु प्रताप शाही के सौजन्य से हुई बोरिंग, चापाकल भी लगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विधायक भानु प्रताप शाही के सौजन्य से विशुनपुरा घटवारिया मंदिर कमिटी और प्रखंड के ग्रामीणों का मांग हुआ पूरा। विशुनपुरा घटवरिया घाट शिव मंदिर प्रांगण में विधायक भानु प्रताप शाही के सौजन्य से चापाकल बोरिंग किया गया। विशुनपुरा प्रखंड के समस्त लोगों का यह सार्वजनिक मांग था, जिसे विधायक भानु प्रताप शाही ने पूरा किया। विशुनपुरा का सुदूरवर्ती क्षेत्र घटवरिया घाट के ऊपर पानी पिने



का दूर-दूर तक कोई सुविधा नहीं था, घाट पर पानी पिने के लिए आते-जाते राहगीरों को काफी परेशानी होता था, यहां पर हर वर्ष मकर संक्रांति मंदिर कमिटी के द्वारा बहुत ही आकर्षक मेला का आयोजन किया जाता है। घटवरिया घाट पर बने मंदिर में पूजा-अर्चना करने में श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत होता था। घाट के नीचे लगभग पांच सौ मीटर दूर से पानी लाकर मंदिर में पूजा करना पड़ता था, विधायक भानु प्रताप शाही के प्रयास से पानी की समस्याओं से सभी जनता को निजात मिलेगा। वहीं घटवरिया घाट के कमेटी के लोगों ने विधायक भानु प्रताप शाही कों आभार जताया है। आभार प्रगट करने वालों में मंदिर कमिटी अध्यक्ष राजबली चंद्रवंशी, सचिव जगदीश चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष हिरा शर्मा, संयोजक रविंद्र मिश्रा, कमेटी के सदस्य अजय यादव, छुनु ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, पृथ्वी शर्मा, कर्मदेव आदि लोगों ने आभार जताया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सह जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, पंचायत संयोजक सुमंत मेहता आदि कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

# सुखलदरी वाटर फॉल के पहुंच पथ में घोर अनियमितता मुखिया, वार्ड सदस्य और ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** गढ़वा जिले का सबसे मशहूर और धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत अंतर्गत परासपानीकला गांव में पर्यटन स्थल सुखलदरी वाटर फॉल पहुंच पथ निर्माण में सड़क का ठेका लेने वाले ठेकेदार और पेटी कांट्रेक्टर ठेकेदार के द्वारा सड़क निर्माण में पीसीसी व कालीकरण कार्य में गुणवत्ता को ताख पर रखकर घोर अनियमितता बरतने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधी और ग्रामीणों ने सोमवार को परासपानीकला गांव में जमकर विरोध कर कार्य को बंद करा दिया है। यह सड़क अंबाखोरया धुरकी नगरउंटारी मुख्य पथ से परापानीकला गांव होते सूखलदरी वाटर फॉल तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से ग्रामीण कार्य विभाग गढ़वा द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। बीडीसी कृष्ण कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधी हरिलाल सिंह,



उपमुखिया गीता देवी, राजकुमार विश्वकर्मा वार्ड सदस्य हिरा सिंह, शिवपुजन सिंह, अवध कुमार, प्रभु सिंह, शिवनाथ कोरवा, अनील साव, सोमारू सिंह, विरेंद्र साव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में परासपानीकला मुख्य बस्ती में पीसीसी निर्माण में सबसे घटिया स्तर का कंक्रीट गिट्टी डस्ट के साथ कम मात्रा में सीमेंट और बालु का प्रयोग करते हुए पीसीसी ढलाई का कार्य मानक के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। वहीं निम्न स्तर की सामग्री प्रयोग करने के बाद पीसीसी पथ निर्माण के बाद टुट जायेगा, जिससे पर्यटन स्थल पर जाने वाले पर्यटक और स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी होगी।

बीडीसी मुखिया प्रतिनिधी ने बताया कि सुखलदरी वाटर फॉल तक जाने के लिए सड़क निर्माण कार्य को वे लोग अथक प्रयास से बनवा रहे हैं, लेकिन ठेकेदार और पेटी कांटेक्टर व ग्रामीण कार्य विभाग के जेई कमिशन बंटवारा करने के लिए सड़क की गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं। ग्रामीणो ने कहा की यह सड़क हमारे गांव पंचायत और प्रखंड ही नहीं बल्की जिले के सबसे मशहूर व पर्यटन स्थल का दर्जा प्राप्त कर चुके सूखलदरी वाटर फॉल तक जाने वाली मुख्य सड़क बन रही है, इसलिए इसके निर्माण कार्य में विभागीय जेई और एई को अनुपस्थित रहना, कमिशनखोरी की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इधर जब जेई संजीव कुमार से पूछा गया तब उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण खराब हो रहा है, तब ग्रामीण इसका विरोध करें और पीसीसी ढलायी को ग्रामीण अपने सामने करायें। वहीं ग्रामीणों ने निम्न स्तर का डस्ट युक्त कंक्रीट गिट्टी से निर्माण कार्य नहीं करने के लिए ठेकेदार और मुंशी को निर्देश दिया है। वहीं इधर शिलापट में उपरोक्त सड़क निर्माण योजना का नाम व प्राक्कलन तथा विभाग का नाम भी अंकित नहीं है।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha. India
विज्ञापन संख्या-05/SRF/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "चावल जीनप्रूरूप डीएचआर-9 से एक नई प्रृध्वंस प्रतिरोधी जीन Pi-42 की मैपिंग आधारित क्लोनिंग और कार्यात्मक लक्षण वर्णन नामक परियोजना" (ईएपी-418) के तहत एक (01) वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (एसआरएफ) के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षातकार दिनांकि 28.05.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक/वांछनीय योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य नियम एवं शर्तो से संवंधित विवरण भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https//icar-nrri.in पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interview will be held on 28.05.2024 for **selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Map-Based cloning & functional characterization of Pi-42, a novel blast resistant gene from rice genotype 'DHR-9(EAP-418)". The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in**.

प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR

# टोला निवासी युवक की कर्नाटक में मौत

**रमना (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नीचे बाजार टोला निवासी सुग्रीव पासवान के 23 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश पासवान उर्फ गहिडा का मौत कर्नाटक में हो गया। खबर के अनुसार ओम प्रकाश पासवान एक माह पूर्व कर्नाटक में मजदूरी का कार्य करने गया था, इसी क्रम में दो दिन पूर्व कार्य करने के दौरान अचानक पेट में दर्द की शिकायत के बाद स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद ओम प्रकाश का शव दो दिन बाद सोमवार के सुबह घर पहुंचा। जिसके बाद स्थानीय नदी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना के बाद प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार सोनी, मुखिया प्रतिनिधि बिरंची पासवान, बीडीसी प्रतिनिधि सह समाज सेवी अनुज कुमार, मंतोष पासवान, मुन्ना पासवान, संजय प्रसाद सहित कई लोगो ने घर पहुंचकर शोक जताया।

# कुआं की खुदाई जेसीबी मशीन से कराये जाने पर नौ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बलियारी पंचायत में मनरेगा के तहत कुआं की खुदाई प्रतिबंधित जेसीबी मशीन से कराये जाने के संदर्भ में 9 लोगों



पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार 15 मई दिन बुधवार को कुआं खुदाई कर रहे जेसीबी मशीन को डीडीसी के निर्देश पर थाना पुलिस के द्वारा जब्त किया गया था। वहीं रविवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के जांच प्रतिवेदन के आलोक में सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी के द्वारा संबंधित बलियारी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेसीबी मशीन के मालिक के साथ साथ 05 लाभुकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा दिये गये शिकायत पत्र के अनुसार थाना कांड संख्या 42/24, 19-05-24 धारा 409 /406/420/188/120बी आईपीसी & 25 मनरेगा एक्ट 2005 के अंतर्गत 9 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। और आगे की कार्यवाई की जा रही है।

# अंगद ने पेंशन और आवास दिलाने की लगायी गुहार

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत बक्सीपुर निवासी अंगद कुमार रवि पिता दिनेश राम पेंशन की आस में महीनो से इंतजार कर रहा है। अंगद आर्थिक तंगी से परेशान होकर तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ से मुलाकात किया था। उस समय अंगद का वर्तमान स्थिति देखकर प्रभावित होकर आर्थिक सहयोग के साथ साथ पेंशन स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया था। तबतक प्रखंड



विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ का प्रमोशन हो गया। परंतु महीनो बीत गए लेकिन पेंशन स्वीकृत नहीं हुआ। विदित है की मई 2023 में गढ़वा जाने के क्रम में मेराल में सड़क दुर्घटना में एक पैर से हाथ धोना पड़ा। अंगद का घर परिवार चलाने के लिए कोई आय का जरिया नहीं होने के कारण हमेशा मानसिक तनाव में अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। उसने बताया कि एक पैर से अपना शरीर लेकर चलने में भी असमर्थ हूं। भविष्य में सिर्फ अंधेरा ही अंधेरा दिख रहा है। अंगद ने बताया कि मुझे न ही पेंशन का लाभ मिल रहा है, और न ही अभी तक आवास का लाभ मिला है। सिर्फ मुझे पांच किलो चावल मिलता है। अंगद ने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पेंशन, आवास का लाभ दिलाने की गुहार लगाया है।

# जन्माष्टमी से श्री राधा बंशीधर जी युगल सरकार नये परिधान में भक्तों को दर्शन देंगे



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री राधा वंशीधर जी युगल सरकार इस वर्ष जन्माष्टमी से नए आकर्षक परिधान में नजर आएंगे। श्री राधा वंशीधर जी के वस्त्रों की डिजाइन अयोध्या श्री रामलला जी के वस्त्र की डिजाइन करने वाले ख्यातिप्राप्त वस्त्र डिजाइनर मनीष त्रिपाठी करेंगे। इसके लिए मनीष त्रिपाठी ने श्री बंशीधर मंदिर ट्रस्ट को अपनी सहमति प्रदान कर दी है। मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट को लंबे समय से श्री राधा वंशीधर जी युगल सरकार के परिधान में बदलाव की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसी बात को लेकर सोमवार को मंदिर ट्रस्ट की ओर से अयोध्या श्री रामलला जी के वस्त्र डिजाइनर मनीष त्रिपाठी से संपर्क कर उनसे भगवान का दर्शन पूजन और वस्त्र डिजाइन करने के लिए आमंत्रित किया गया। श्री त्रिपाठी ने हर्षित ने होकर ट्रस्ट के आमंत्रण को स्वीकार किया। श्री देव ने जानकारी दी कि बहुत ही सरल और सहज स्वभाव के श्री त्रिपाठी ने कहा कि भगवान का वस्त्र डिजाइन करना उनके लिए बहुत बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने जून महीने में श्री बंशीधर नगर आने और आगामी जन्माष्टमी के मौके पर नए परिधान तैयार करने का भरोसा दिया है। श्री देव ने बताया कि जन्माष्टमी से भगवान नए परिधान में दिखेंगे। ट्रस्ट के सलाहकार (आध्यात्मिक) श्रीकांत मिश्र ने कहा कि श्री राधा वंशीधर जी नए परिधान में और अधिक आकर्षक दिखेंगे और श्रद्धालुओं को और अधिक मोहित करेंगे।

## पिपरवार के 33 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान

# चतरा और हजारीबाग के मतदाताओं ने किया वोट





आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे सोमवार को कड़ी सुरक्षा व शांतिपूर्ण माहौल मे मतदान संपन्न हुआ। पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले कुल 33 बुथो पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। पिपरवार थाना क्षेत्र के कुल छः पंचायतो मे तीन पंचायत के लोग चतरा लोकसभा और तीन पंचायत के लोगों ने हजारीबाग लोकसभा के लिए मतदान किया। जानकारी के अनुसार हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा दक्षिणी, बचरा उतरी और किचटो पंचायत मे कुल 20 बुथो पर मतदाताओ ने उत्साह के साथ मतदान किया। वही चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले कल्याणपूर, बहेरा और बेंती पंचायत के कुल 13 बुथो पर मतदान हुआ। सुबह सात बजे से पूर्व सभी बुथो पर मतदाताओ की भीड़ जमा हो गयी। पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए मतदाता अपने-अपने बुथ पर पहुंचकर शांतिपूर्ण माहोल मे मतदान किया। हजारीबाग लोकसभा के अर्न्तगत बचरा दक्षिणी व बचरा उतरी पंचायत के बचरा हाई स्कुल, बचरा मिडिल स्कुल, बचरा बस्ती मिडिल स्कुल व होशिर मिडिल स्कुल के सभी बुथो पर मतदाताओ की भीड़ लगी रही। वही चतरा लोकसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के बेंती हाई स्कुल,बहेरा उर्दु स्कुल, राजधर मिडिल स्कूल और कल्याणपूर मिडिल स्कुल मे भी मतदाता उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान सभी बुथों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया। बुथो पर दंडाधिकारी के साथ काफी संख्या मे सुरक्षा कर्मियो को तैनात किया गया था। भीषण भरी गर्मी के बावजुद लोगो ने उत्साह के साथ मतदान किया। वही बुथो के बाहर कुछ दुरी पर विभिन्न राजनैतिक दलो के लोगो का जमावड़ा दिन भर लगा रहा।

**होशिर के बुथ नंबर 108 मे डेढ़ घंटे बंद रहा मतदान :** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के होशिर मिडिल स्कूल मे बुथ नम्बर 108 मे ईवीएम मे तकनीकी खराबी के कारण करीब डेढ़ घंटे तक मतदान का कार्य बन्द रहा। होशिर मिडिल स्कुल मे मात्र एक बुथ होने के कारण यहां मतदाताओ की भीड़ सुबह से लगी रही। इस दौरान सूचना पाकर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। जिसके बाद ईवीएम मशीन बदलने के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद पुनः मतदान शुरू हो सका।

### वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं में भी दिखा उत्साह

पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले सभी बुथो पर मतदाताओ मे उत्साह का माहौल देखा गया। वही कई बुथो पर वृध्द व विकलांग मतदाताओ का भी उत्साह देखा गया। बचरा हाई स्कुल, बचरा मिडिल स्कूल, बचरा बस्ती, होशिर बस्ती, बहेरा, बेंती व कल्याणपूर के कई बुथो पर वृद्ध व विकलांग मतदाता मतदान करते देखे गये। जिला प्रशासन के द्वारा वृद्ध व विकलांग मतदाताओ के लिए बुथ में अलग से बैठने की व्यवस्था की गयी थी। बचरा हाई स्कुल के बुथ में 100 वर्षीय वृध्द महिला जोश और जज्बे के साथ मतदान करने पहुंची और मतदान के बाद क्षेत्र के लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अपनी लाचारी को मजबुरी न समझते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के वृद्ध व दिव्यांगजनो ने बढ़-चढ़कर मतदान किया।

### पहली बार वोट करनेवाले युवा मतदाताओं में रहा उत्साह का माहौल



पिपरवार। पिपरवार थाना क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले कुल छः पंचायतो के 33 बुथों पर कड़ी सुरक्षा के साथ मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दौरान पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओ मे काफी उत्साह का माहौल देखा गया। बहेरा पंचायत के उर्दू मिडिल स्कुल के बुथ संख्या 411 मे पहली बार मतदान करने पहुंची 18 वर्षीय सीमा कुमारी खुशी से फूले नही समा रही थी। मतदान करने के बाद सीमा ने कहा कि 18 वर्ष के बाद उसे लोकतंत्र के सबसे बड़ा महापर्व लोकसभा चुनाव मे मतदान करने का अवसर मिला है, जिससे वह काफी खुश है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया है। इधर बचरा हाई स्कुल और बचरा मिडिल स्कुल सहित अन्य कई बुथों पर भी युवा मतदाता पहली बार मतदान के लिए पहुंचे और उत्साह के साथ मतदान कर दुसरे मतदाता को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। युवा मतदाताओं ने कहा कि पहली बार मतदान करने में काफी अच्छा लगा और लोकतंत्र के बारे मे भी जानकारी मिली। लोकतंत्र मे मतदान हमारा अधिकार है और मतदान के माध्यम से हम अपनी सरकार चुनते है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओ को मतदान करने की जरूरत है।

## छत्तीसगढ़ की भाजपा विधायक ने संजय सेठ के लिए मांगे वोट



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** छत्तीसगढ़ की प्रतापपुर से भाजपा विधायक ने लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में प्रचार करते हुए वोट मांगे।भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृतव मे, चुनाव प्रभारी अरविंद सिंह के दिशा निर्देशन मे मंडल कार्यकर्ता प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में घर घर जनसंपर्क किया गया। इस अभियान में छत्तीसगढ़ के प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्टे भी मैकलुस्कीगंज पहुंची। जहां मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा और महिला मोर्चा महामंत्री ममता केशरी द्वारा अंग वस्त्र दे कर स्वागत किया। फिर साथ मे विधायक ने संजय सेठ के पक्ष मे जनसंपर्क किया। विधायक के साथ कार्यकर्ताओं ने मायापुर, हेसालोंग, गंझू टोला, भुइया टोला में जन संपर्क कर क्रम संख्या तीन के कमल निशान वाले बटन दबाने का आग्रह किया गया। इस अभियान में फुलेश्वर महतो कार्तिक पांडेय, अनिल गंझू, राम सूरत यादव, विकास दुबे, प्रदीप कुमार ठाकुर, आनंद सिंह, रविंद मुंडा, जितेंद्र भारती, प्रदीप प्रमाणिक, प्रदीप कुमार सिंह कई लोग मौजूद थे।

## जिस कैरेज कॉलोनी में विद्युत का हुआ था विरोध, वहीं राजा पीटर ने वोटर को दी गारंटी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिरसा सेवा समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री राजा पीटर के द्वारा जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के लिए चुनाव प्रचार किया। इसी दौरान कैरिज कॉलोनी वर्मा माइंस में राजा पीटर ने पदयात्रा कर भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के लिए वोट मांगा जिस पर जनता का अपार समर्थन मिला। राजा पीटर की व्यक्तिगत गारंटी पर आम जनता भाजपा को वोट देने के लिए तैयार हुई क्योंकि कुछ ही दिन पूर्व विद्युत वरण महतो का इस क्षेत्र में काफी विरोध हुआ था, जिसकी खबर मीडिया और सोशल मीडिया पर छायी रही थी।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ में 9वीं और 11वीं का रिजल्ट रहा 100%

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ में 9वीं मे 57 एवं 11वीं में 57 छात्राएं परीक्षा लिखी थी। मैट्रिक और इंटर की तरह ही 9वी एवं 11वीं का परीक्षा भी 100% रहा। इस वर्ष कला 11वीं कुल 57 छात्राएं परीक्षा लिखी थी सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुई है, जिसमें खुशबू कुमारी 200 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की है। वही निशा कुमारी 196 अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त की है। तथा रीता कुमारी 194 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त की है। इसी तरह नौवीं कक्षा का भी रिजल्ट 100% रहा और सभी छात्राएं अच्छे अंकों के साथ प्रमोशन हुआ है। छात्राओं की सफलता पर वार्डन रीता बड़ाइक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षेकेतर कर्मचारियों ने ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** हिंदू जागरण मंच ने रांची जिला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इसमें हटिया विधानसभा अंतर्गत बाजपुर पंचायत के ग्राम पाली और पंडरा में और कांके विधानसभा अंतर्गत बुढ़मू में मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक ऋषि नाथ शाहदेव, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य संजय वर्मा और सुजीत सिंह, रांची जिला सह संयोजक गुलशन हिंदुस्तानी और सामाजिक कार्यकर्ता विवेक कुमार सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया के खिलाफ 27 मई को होगा आरोप गठन

**रांची (आजाद सिपाही)।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी महावीर प्रसाद रूंगटा और राकेश कुमार सिंघानिया के खिलाफ 27 मई को आरोप गठन होगा। इनकी डिस्चार्ज अर्जी पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत पूर्व में खारिज कर चुकी है। इन दोनों पर 4.33 करोड़ रुपये की मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। इडी ने पहले ही कंपनियों की 4.10 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। दोनों पर लौह अयस्क की तस्करी के लिए फर्जी चालान पर ट्रांसपोर्टेशन कर अवैध कमाई कर मनी लांड्रिंग करने का आरोप है। दोनों पर मनी लांड्रिंग के आरोप में वर्ष 2022 में इसीआइआर 7/ 2022 दर्ज किया गया था।

## कॉमर्शियल वाहन जब्त करने का आदेश नहीं दे सकते डीसी : झारखंड हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने हाल ही में सुनाये अपने एक फैसले में कहा कि जिले के डीसी (उपायुक्त-सह-जिला मजिस्ट्रेट) किसी वाणिज्यिक वाहन (कमर्शियल) को जब्त करने का आदेश देने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं हैं। दरअसल, लातेहार डीसी के आदेश पर पुलिस ने पिछले वर्ष कोयला लदे एक वाहन को पकड़ लिया था, जिसके बाद वाहन मालिक पर भारतीय दंड संहिता की धारा 379 (चोरी) , 414 (चोरी की संपत्ति छिपाने में सहयोग करने) और 411 (चोरी की संपत्ति प्राप्त करने) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने अपनी प्राथमिकी में कहा था कि वाहन अवैध गतिविधि में शामिल है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यह मामला लातेहार सिविल कोर्ट से होते हुए झारखंड हाइकोर्ट पहुंचा। हाइकोर्ट में वाहन के मालिक ने डीसी के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उन्होंने वाहन को जब्त करने का आदेश दिया था। इस मामले की सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार ने अपने फैसले में कहा कि उपायुक्त-सह-जिला मजिस्ट्रेट जब्ती का आदेश पारित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं हैं। इसलिए लातेहार जिले के डीसी द्वारा पारित उस आदेश को रद्द किया जाता है, जिसमें राजाराम मंडल के वाहन को जब्त किया गया था।

## अचानक आयी आंधी और बारिश से तोरपा में भारी नुकसान

# दर्जनों पेड़ सड़कों पर गिरे, एफसीआइ गोदाम की छत उड़ी, कई जगहों पर जल जमाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बदले मौसम के मिजाज ने जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दिलाई है, वहीं तेज बारिश कें साथ सोमवार को आई आंधी ने भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज आंधी के कारण लोगों को भारी परेशानी हुई। आंधी के कारण जहां तोरपा इलाके में दर्जनों पेड़ और बिजली के खंभे ध्वस्त हो गये, वहीं तोरपा स्थित एफसीआई गोदाम की एस्बेस्टस छत के उड़ जाने से गोदाम में रखे लगभग दो क्विंटल गेहूं पानी में भींग गया। मजबूरन गेहूं को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। खूंटी जिले कें कई इलाको में तेज बारिश के साथ आई आंधी के कारण कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ। सोमवार को अपराह्न लगभग पांच बजे आई आंधी के कारण दर्जनों पेड़ सडकों पर गिर गये और उस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। तोरपा के मिशन हाता, हिल चौक, बड़ाईक टोली सहित कई इलाकों में कई पेड़ गिर गये। हवा की रफ्तार करीब 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की बात कही गयी। इस दौरान तोरपा हिल चौक में एक बडी दुर्घटना होने से टल गयी। तेज हवा से एकाएक चलती कार को छूते हुए पेंड की बडी डाली टूटकर सड़क गर गयी। पेड गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गयी। कार के अंदर बैठे लोग बाल-बाल बच गये। तोरपा के देवी मंडप व रिलायंस ट्रेंडस के समीप खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर पेड टूटकर गिर गया। यहां ट्रांसफार्मर लगा बिजली का खंभा भी गिर गया। यहां कूछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। चर्च रोड में बीच सडक पर तीन बडे-बडे पेड गिर गये। वहां घंटों यातायात बाधित रहा। रेफरल अस्पताल, हिल चौक मिश्रा गली, बडाईक टोली, टूनटून चाय दुकान के समीप पेंड गिर गया। बिजली का तार जगह-जगह टूटकर गिर गया है। बिजली के कई खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। इससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। कई दुकानों का शेड हवा में उड गया। मूसलाधार बारिश से कर्रा मोड, चर्च रोड, मस्जिद गली में कई लोगों के दुकानों के अंदर पानी घुस गया। चर्च रोड व खसुआटोली में मुख्य सडक पर घुटना भर पानी जमा हो गया। जगह-जगह जल जमाव होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तोरपा पूर्वी पंचायत की मुखिया विनिता नाग और उप मुखिया राजू साहू ने घूम-घूमकर आंधी-पानी से हुई क्षति का जायजा लिया।

## नुक्कड़ सभा कर यशस्विनी सहाय के लिए मांगा वोट



आजाद सिपाही संवाददात

**खलारी।** प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने खलारी में नुक्कड़ सभा कर इंडिया गठबंधन के प्रतियाशी यशस्विनी सहाय के लिये वोट मांगा। बंधु तिर्की खलारी के मायापुर, जी टाईप, चुरी, डकरा, धमधमिया में नुक्कड़ को संबोधित करते हुए कहा कि कानपुर हरियाणा के रहने वाले को भाजपा ने सांसद बना दिया उसको क्या मालूम यहां की समस्या। भाजपा के सांसद ने पांच साल सिर्फ फोटो खिंचवाने का काम किया। श्री तिर्की ने कहा कि अपने वोट का ताकत समझे। भाजपा संविधान को बदलने वाला है, आरक्षण को ही खत्म करने की योजना बनाया है। कहा कि इस बार मोदी अगर प्रधानमंत्री बना तो इस देश मे अंतिम चुनाव होगा। मोदी संबिधान बदलकर चुनाव ही नही होने देगा। कहा कि आज बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। इस बार का चुनाव चुनौती भरा है। इसलिए सभी लोग सतर्क होकर एकजुट होकर इंडिया गठबंधन को जिताने का काम करे। इस सभा मे राजन सिंह राजा, साबीर अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, जालिम सिंह, रंजीत सिंह, राजेश सिंह मिंटू,तनवीर आलम, सुनील सिंह, सोनू पांडेय खालिद अंसारी, बाबू खान, विक्की सिंह,मोनू रजक, सलामत अंसारी, विना देवी, राजा केसरी शामिल थे।

# मैकलुस्कीगंज में चार दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में मैकलुस्कीगंज स्थित राजा बंगला में चार दिवसीय अन्डर 14 टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाध सहदेव, पूर्व अंतराष्ट्रीय बॉलीबॉल कोच शेखर बोस, खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ट,नितेश नाथ शाहदेव, जितेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। चार दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में जमशेदपुर के कदमा क्रिकेट अकादमी, केबल टाउन क्रिकेट अकादमी एवं रांची के हरमू यूथ क्लब, अरविंदो यूथ क्लब की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है। प्रत्येक टीम तीन-तीन मैच एक खेलेगी। 23 मई को इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जायेगा। इस का उद्घाटन मैच केबल टाउन क्रिकेट क्लब व अरविंदो एकेडमी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में छ विकेट खोकर प्रतीक राज के आतिशी 56 रन की मदद से 133 रन बनाया। जवाबी परी खेलते हुए अरविंदो एकेडमी निर्धारित ओवर में छ विकेट खोकर 106 रन ही बना सकी। वहीं दूसरा मैच कदमा क्रिकेट एकेडमी जमशेदपुर और हरमू रांची के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में हरमू की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर रिशु1के 37 रनो की पारी के बदौलत 1 09 रन बनाए वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी कदमा क्रिकेट अकादमी निर्धारित ओवर में आठ विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। कदमा क्रल्ब के समरवीर सिंह ने तीन विकेट चटकाए। टूर्नामेंट को सफल बनाने में राजीव वर्मा, संजीव वर्मा, मनीष वर्मा, संयोग सागर सचिन गिरि गुरजीत सिंह सत्यम सिंह चंदर सिंह दयाशंकर साहु सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## राधा-रानी मंदिर में अखंड हरी संकीर्तन और प्रसाद वितरण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नौ दिवसीय नवरात्रि मेला का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर श्री श्री राधा रानी मंदिर परिसर में 9 दिन तक लगातार अखंड हरी नाम संकीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया गया। महिला और पुरुष किर्तन मंडलियों द्वारा मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आकर्षक प्रदर्शन किया। हरि भजन कीर्तन को देखने के लिए लोगों और श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी। अखंड हरी नाम संकीर्तन में आसपास के और बंगाल के कीर्तन मंडली एवं मेला में मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूला डांस आदि जो मेले में चार चांद लगाये।

# योग जीवन का मूलमंत्र : डॉ तपन शांडिल्य




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में विश्वविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी इकाई और सहज योग ट्रस्ट, रांची केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विषय था, सहज योग ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति और संतुलित जीवन प्राप्त करना। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि सहज योग ध्यान एक सरल, समय सम्मानित तकनीक है। यह हमारे दैनिक जीवन में तनाव को कम करने और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से एक बेहतर क्रिया है। इसके पूर्व सहज योग केंद्र, रांची के विभिन्न वक्ताओं ने सहज योग की सामूहिक कुंडलिनी जागरण के विषय पर स्लाइड प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रकाश डाला और कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, सहज योग केंद्र, रांची के सदस्य, शिक्षक, कर्मी और एनएसएस, एनसीसी इकाई के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सांसद दीपक प्रकाश ने 'फिर से मोदी की गारंटी' गाने का किया लोकार्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक गायक आशुतोष द्विवेदी के नये गाने 'फिर से मोदी की गारंटी' का लोकार्पण किया। सांसद ने आशुतोष द्विवेदी और पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेता हैं। समाज के हर वर्ग के लोगों को एक साथ लेकर चलने वाला नेता यदि कोई है, तो वह प्रधानमंत्री मोदी हैं, क्योंकि उनका परिवार पूरा देश है और हम सब भी मोदी का परिवार हैं। गीत के प्रोड्यूशर मिशन ब्लू फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ पंकज सोनी हैं, जबकि सिंगर आशुतोष द्विवेदी, लिरिक्स विकास सिंह, म्युजिक हर्ष उपाध्याय, मिक्स मास्टर हम रिकॉर्ड्स है। इस दौरान समाजसेवी शंकर दुबे, भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ अनिल कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ का शहादत दिवस मना



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ग्रुप केंद्र की ओर से शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रांची ग्रुप केंद्र, राँची के डिप्टी कमांडेंट अमरजीत पंडित ने लालपुर में 83वीं बटालियन के शहीद सिपाही जीडी सुरेंद्र कुजूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने शहीद जवान कुजूर की पत्नी शशि कुजूर को भेंट दे कर सम्मानित किया गया। डिप्टी कमांडेंट ने कहा कि ऐसे शुरवीर जवान के शहीद होने पर सीआरपीएफ गर्व करती हैं। ऐसे शहीद सिपाही जो देश सेवा के लिए अपनी जान को भी न्योछावर कर देते हैं।

### लालगंज में पूर्व सैनिकों एवं भाजपा परिवार सम्मेलन का हुआ आयोजन

# देश की बागडोर मोदी के मजबूत हाथों में ही सुरक्षित है : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को अपने पक्ष में कर जीत सुनिश्चित करने में सभी प्रत्याशी अपने-अपने स्तर से जुटे हुए है। इसी क्रम में पूर्व सैनिक सह भाजपा युवा मोर्चा रांची जिला ग्रामीण खेल संयोजक संजीत सिंह के नेतृत्व में रविवार की रात लालगंज स्थित बंधन बैक्वेट हॉल में पूर्व सैनिकों एवं भाजपा परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें रांची के सांसद सह प्रत्याशी संजय सेठ भी उपस्थित हुए। सैनिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने संजय सेठ का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद सेठ ने कहा कि आज देश मजबूर नहीं, बल्कि मजबूत हाथों में है। प्रधानमंत्री ने भारतीय सैन्य बल को सुदृढ़ किया। पहले हम दूसरे देशों से सैन्य हथियार मांगते थे, आज भारत खुद इसका निर्माण कर रहा है। अब दूसरे देश के लोग भी हमसे हथियार खरीद रहे हैं। लड़ाकू विमान तेजस हम खुद अपने देश में बना रहे है। आज हमारे प्रधानमंत्री देश के शहीदों के सम्मान में दिल्ली में एक बड़ा स्मारक का निर्माण किये, जिसमें हमारे देश के वीरों की गाथा अंकित है। 70 साल में कांग्रेस ने जो सम्मान हमारे शहीद परिवार को नही दिया। वह सम्मान आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे रहे है। इधर, मंच का संचालन करते हुए संजीत सिंह ने रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान कर मोदी जी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम में भारतीय सेना से रिटायर्ड कर्नल नीलांबर झा एवं रिटायर्ड मेजर जीवेश्वर नारायण सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। आजाद सिपाही से बात करते हुए उन्होंने बताया कि सेना से रिटायर्ड होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यों से प्रभावित होकर उनके हाथों को मजबूत करने को लेकर भाजपा की सदस्यता ली। धन्यवाद ज्ञापन पूर्व कर्नल बीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर लालगंज के दर्जनों सैनिक एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



कार्यक्रम में शामिल रांची से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ।

## प्रसिद्ध विश्व पर्यावरण मेला 5 जून को



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 29वें स्थापना दिवस पर ग्राम वन प्रबंधन व वन संरक्षण समिति बेंती की ओर से इस बार भी पांच जून को पैना पहाड़ में विश्व पर्यावरण मेला का आयोजन किया गया है। मालूम हो कि पिछले कई दशकों से ठूंठ पड़े पहाड़ में पौधा रोपण को खेती की तरह देखभाल कर बृहद जंगल बनाया जहां आज सैकड़ो प्रकार की आयुर्वेदिक जड़ी बूटी एवं जंगली पशु पक्षी बहुतायत में मिलते हैं। जिस वजह से पैना पहाड़ की झारखंड में एक अलग पहचान बनी है। मेला के सफल संचालन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें बेंती ग्राम वन प्रबंधन संरक्षण समिति के अध्यक्ष सत्यदेव मुंडा की देखरेख में मेला समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष बनू बेदिया, सचिव अरुण मुण्डा, कोषाध्यक्ष बालकराम मुण्डा, उपाध्यक्ष करण करमाली, सरस्वती देवी, सुनिता देवी, बिजय मुण्डा, सह-सचिव तीरथ चन्दन भोगता, मीडिया प्रभारी लालजी बेदिया, संचालनकर्ता अजय करमाली, मुख्य संरक्षक सत्यदेव मुण्डा, पंसस मानेश्वर मुण्डा, मुखिया मुखिया मंजोती देवी, संरक्षक संजय भोगता एवं कमलाकान्त मुण्डा बनाए गए। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अजय करमाली, जीतू मुण्डा, बानेश्वर मुण्डा, शालिकराम पहान आदि शामिल हैं।

## आजसू ने संजय सेठ के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** जनसंपर्क अभियान के क्रम में आजसू की लोकसभा स्तरीय एक बैठक सोमवार को चाडू पंचायत प्रभारी शिबू महतो की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव थे। बैठक में हरातु, हेसातू और चाडू पंचायत के पंचायत प्रभारी शामिल हुए। इस अवसर पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि चुल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी और पंचायत प्रभारी आजसू की रीढ़ हैं। इनके माध्यम से ही 2024 में झारखंड में नया स्वरूप देखने को मिलेगा। उन्होंने रांची लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। बताया कि बूथ स्तर पर पार्टी के चूल्हा प्रमुख, पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी अपनी सशक्त भुमिका निभाते हुए संजय सेठ को जिताने के लिए कैंप कर रहे हैं। बैठक में केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी, बीरबल बैठा, जगरनाथ महतो, राजेश पाहन, राजकुमार सिंह, राजकुमार बेदिया, किरण देवी, निर्मला देवी, सीता देवी, शीला देवी, रंजीत महतो, सुरेंद्र महतो, किशोर मुंडा, महाबीर महतो, फुलेंद्र महतो, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।



## निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र महतो के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति समर्थित रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो के पक्ष में सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। समिति के कार्यकर्ता सुमित कुमार महतो एवं महेंद्र महतो के नेतृत्व में प्रखंड के चतरा, पैका, बोंगई बेड़ा, गुडीडीह, कुच्चू, लूपुंग आदि क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया गया और देवेंद्र महतो को हेलमेट छाप में वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की गई। इस अवसर पर सुमित महतो ने कहा कि इस बार प्रत्याशी नहीं जनता चुनाव लड़ रही है। जनता माटी पुत्र के पक्ष में मन बना चुकी है।

## एलुमनी मीट साथियों और शिक्षकों से मिलने व संपर्कों को पुनर्जीवित करने का एक आदर्श मंच : जैलेंद्र कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जसपुरिया बीएड कॉलेज में पुरातन छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार एवं प्राचार्य डॉ अनिल मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद दीप्ति एवं समूह द्वारा वंदना नृत्य पेश किया गया। बीएड के प्रशिक्षुओं द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों पुराने छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में जैलेंद्र कुमार ने कहा कि एलुमनी मीट के इस विचार की सराहना करता हूं, जो पास आउट हो चुके और बड़ी, बाहरी दुनिया में पहले से ही खुद को स्थापित कर चुके छात्रों के बीच एक विशेष जुड़ाव पैदा करता है। मेरा मानना है कि पूर्व छात्र सम्मेलन आप सभी के लिए अपने साथियों और शिक्षकों से मिलने और संपर्कों को पुनर्जीवित करने का एक आदर्श मंच है। पुरातन छात्रों को कालेज के अध्यक्ष ने मोमेटो एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में शिक्षिका विभा कुमारी, प्रियंका शर्मा, सरिता सिंह की सक्रिय भूमिका रही। इस मौके पर निदेशक शालिनी प्रिया, सजिब कुमार, शशि प्रभा, उषा मिंज, रीमा उपासना, काजल गोश्वामी आदि उपस्थित थे।



## बेड़ो में आशीष स्टूडियो एंड टेलीकॉम दुकान का शुभारंभ



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर देवी मंडप चौक के समीप सोमवार को आशीष स्टूडियो एंड टेलीकॉम दुकान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन समाजसेवी भैरो सिंह व दुकान संचालक की मां सोहरी देवी ने संयुक्त रूप से किया। म्इस अवसर पर भैरो सिंह ने कहा कि वर्तमान में मोबाइल फोन लोगों की जरूरत बन गया है। इस टेक्नोलॉजी का हर दिन विस्तार हो रहा है। इसकी जरूरत अभी के समय में सभी को है। उन्होंने दुकान संचालक को बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं, संचालक आशीष कुमार ने कहा कि यह दुकान खुलने से यहां के लोगों को मोबाइल खरीदने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। हमारे दुकान में मोबाइल उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर सोम दत्त, विनीत तिवारी,राजकुमार महतो, केदार महतो, ज्वाला सिद्धार्थ आदि उपस्थित थे।

## मोदी जी ने आर्थिक रूप से देश को मजबूत किया : पवन

**नामकुम के रामनगर व कोचाटोली में चला जनसंपर्क अभियान**

**आजा सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को रामनगर व कोचाटोली में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि देश को आर्थिक रुप से प्रधानमंत्री मोदी जी ने मजबूत किया है। पूरा विश्व आज भारत की ओर देखता है। मनोज सिंह ने कहा कि मोदी जी गरीब, महिला, युवा की बात करते हैं। आवास के साथ गैस, शौचालय, अनाज, बिजली, स्वास्थ हर गरीब को दिया है। महिला सम्मान, किसान सम्मान, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। कहा कि आज देश को मोदी जी की जरूरत है। अभियान शुरू करने से पहले सभा का आयोजन किया गया था। जिसकी अध्यक्षता बिक्कू सिंह, मंच का संचालन प्रकाश भारती एवं धन्यवाद ज्ञापन बंटी सिंह ने किया। इस मौके पर संजय शर्मा, आरबी सिंह, एलडी करण, रंजीत प्रसाद, विकास सिंह, अरुण तिवारी, सीमा देवी, मीना देवी, शारदा देवी, संजय कुमार कर्ण, अजय मुंडा आदि शामिल थे।



## बाल शिक्षा निकेतन में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** टटकुंदो रोड स्थित दरहाटांड में बाल शिक्षा निकेतन विद्यालय में सोमवार को कंप्यूटर लैब व स्मार्ट क्लास का उद्घाटन इटकी पूर्वी पंचायत की मुखिया रीता देवी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक हीरा महतो ने की। उहोंने कहा कि आज का युग तकनीक का है। इसलिए शिक्षा में भी इसका उपयोग बहुत जरूरी है, ताकि बच्चे समय के साथ खुद को अपग्रेड कर सके। कइ वक्ताओं ने भी विद्यालय के विकास के लिए अपने विचार रखे इ स मौके पर विद्यालय के संचालन के लिए कमेटी का भी गठन किया गया। कार्यक्रम में अनिल उरांव, संजीत महतो, बादल उरांव, सुधीर उराव, जयराम महतो, भुनेश्वर महतो, संजीत महतो, अनिल तिर्की, मेनू उराव, बिरसा उरांव सहित काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### बेड़ो के प्रसिद्ध जरिया मंडा धार्मिक अनुष्ठान के साथ संपन्न

# शिवभक्तों ने श्रद्धालुओं के बीच बिखेरे श्रद्धा के फूल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** जरिया श्री मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित चार दिनी मंडा पूजा समारोह धार्मिक अनुष्ठान लोटन सेवा, धूआं सूआं, फूलखूंदी, झूलन व जतरा के दौरान निकली शोभायात्रा के साथ सोमवार को संपन्न हुआ। शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ व आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। इस दिन जरिया करमचंद भगत स्टेडियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का राज्यसभा सांसद सह लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, रामनारायण भगत, 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर, प्रो मंगा उरांव, डॉ बंकिम चंद्र अधिकारी, केसीबी कॉलेज बेड़ो के प्राचार्य प्रो प्रदीप कुमार अधिकारी, पंसस विशेश्वर उरांव व सुकरा उरांव आदि ने सामूहिक रूप से उद्घाटन किया। इस दौरान नागपुरी के प्रख्यात कलाकारों में क्रमशः उर्मिला महंतो, इग्नेश कुमार चिंता देवी, अनिल मुंडा, सूरज कुमार, राहुल जैक्शन, खुशी व वर्षा और पायल ग्रुप के म्यूजिशियनों ने रातभर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात साहू व ब्रजेश महतो ने किया। वहीं मंदिर परिसर में झूलन के दौरान शिवभक्तों को झूलन खूंटे से झूलाया गया। इस दौरान शिवभक्तों ने श्रद्धालुओं के बीच श्रद्धा के फूल बिखेरा। जिसे पाने की ललक व होड़ श्रद्धालुओं के बीच देखने को मिलेगी। वहीं जतरा के दौरान ग्रामीणों ने शक्ति का प्रतीक काड़ा झण्डा, ढोल, ढाक, मांदर व नगाड़ा के साथ परंपरागत नाच गान करते हुए शिव मंदिर की परिक्रमा किया। जतरास्थल में विभिन्न खोड़हा टीम के साथ जतरा, माठा, लूझरी आदि राग रागिनियों के साथ परंपरागत नाच गान किया। इस मौके पर समिति राजीव रंजन अधिकारी, प्रेम महतो, राजेश बड़ाईक, मन्नू बड़ाईक सुरेंद्र महतो, नंदू महतो, रोहित महतो, छेदन महतो, अजय सिंह, सुखदेव कच्छप, शशि अनामिस एक्का, प्रिंस एक्का व बनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

## रांची के लोवाडीह में प्रियंका गांधी की सभा कल, खिजरी विधायक ने किया निरीक्षण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में स्टार प्रचारक के रुप में प्रियंका गांधी 22 मई को हाईटेंशन मैदान लोवाडीह में प्रचार करेंगीं। जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है। सोमवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने अपने काफिले के साथ हाईटेंशन मैदान स्थित रैली स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि रैली में रांची लोकसभा क्षेत्र की जनता भारी संख्या में मौजूद रहेगी।

## प्रत्याशी हरिनाथ साहू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**कांके (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर लोकहित अधिकार पार्टी के रांची जिला लोकसभा प्रत्याशी हरिनाथ साहु ने कांके विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ चंदवे, चौली, उलातू, मेसरा, सुगनु, टाटीसिलवे गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों से पार्टी के चुनाव चिन्ह क्रम संख्या-17 के सेव (ऐपल) में बटन दबाकर वोट करने की अपील की। जिसमें पार्टी के प्रत्याशी हरिनाथ साहु द्वारा पार्टी के नीति सिद्धांतों को बताते हुए स्थानीय मुद्दों सहित सम्मान व्यवस्था के सभी स्तर के निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क चिकित्सा लागु कराने, जाति जनगणना कराकर जितनी जिसकी संख्या उनको मिले, हिस्सेदारी सविधान और लोकतंत्र बचाने एवं सहारा इंडिया, पल्स इंडिया के साथ दर्जनों डूबे हुए पैसों को वापस दिलाने को लेकर लोगों को आश्वस्त किया। साथ ही क्षेत्र के लोगों से सेव छाप पर वोट करने की अपील की। इस चुनावी अभियान में मुख्य रूप से प्रभारी देव पूजन ठाकुर, बृजेश,नरेन्द्र कुमार, विष्णु साहू, देवानंद कुमार मुकेश महतो, रीना सिंह,अमीरूल अंसारी,जुलफान अंसारी, मुकुल नायक, अबुल कलाम आदि मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान कराने को लेकर ग्रामीणों के साथ की बैठक

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधान सभा अंतर्गत अनगड़ा प्रखंड के नवागढ़ पंचायत के ओबर में सोहराई बेदिया की अध्यक्षता में बैठक की गयी। जिसमें लोकसभा स्तरीय चर्चा किया गया एवं लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए मतदान करने की अपील कि गई, ताकि देश में मजबूत और सशक्त लोकतंत्र की स्थापना हो और मोदी दी फिर से प्रधानमंत्री बनें। इस अवसर पर मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताया गया। साथ ही खिजरी विधानसभा में सांसद द्वारा किए गए कार्य को बताया गया। बैठक में आजसू के केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, बुधराम बेदिया, बुद्धदेव मुंड़ा, छवि नाथ बेदिया सुनीता देवी, रेशमी देवी किरण देवी, माधुरी देवी अंजू देवी, विनोद मिधा अनिता देवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे

## आजसू की लोकसभा स्तरीय बैठक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** आजसू का लोकसभा स्तरीय बैठक चाडू पंचायत प्रभारी शिबू महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हारतु, हेसातू एवं चाडू पंचायत के पंचायत प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सचिव सह पूर्व विधायक प्रत्याशी पारसनाथ उराँव उपस्थित थे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चुल्हा प्रमुख, गांव प्रभारी एवं पंचायत प्रभारी आजसू की रीढ़ हैं। इसके माध्यम से 2024 में झारखंड में नया स्वरूप देखने को मिलेगा। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ के लिए कमल फूल छाप में मतदान कर भारी मतों से जीताने की अपील की गई। मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी,बीरबल बैठा,जगरनाथ महतो, राजेश पाहन, राजकुमार सिंह, राजकुमार बेदिया, किरण देवी, निर्मला देवी, सीता देवी, शीला देवी, रंजीत महतो,सुरेंद्र महतो, किशोर मुंडा, महाबीर महतो,फुलेंद्र महतो, ओमप्रकाश आदि थे।

## ऑटो चालकों ने संजय सेठ के पक्ष में मांगा वोट

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो यूनियन के प्रदेश सचिव सह नामकुम रामपुर मार्ग अध्यक्ष रामाशंकर सिंह एवं रांची रेलवे स्टेशन ऑटो अध्यक्ष भोला सिंह ने संयुक्त रुप से नामकुम-रांची रोड में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान रामाशंकर सिंह ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री के उपलब्धि को गिनाते हुए कमल फूल पर बटन दबाकर रांची से संजय सेठ को भारी मतो से विजय बनाने की अपील की। साथ ही ऑटो ड्राइवरों ने बताया कि वे 25 मई को ऐसे वोटर जो बूथ पर जाने में असमर्थ है। उन सभी को चालक परिवार द्वारा निशुल्क अपने ऑटो से बूथ पर ले जाकर वोट दिलाने का काम करेंगे। जनसंपर्क अभियान में ऑटो यूनियन के प्रदेश सचिव रामाशंकर सिंह, कार्यकारी सदस्य भोला सिंह, सौरभ, संतोष, कृष्ण, मिथिलेस, बिक्कू, मनोज संतोष, असलम के साथ दर्जनों ऑटो चालक शामिल हुए।

## अनियंत्रित ऑटो पलटा, चार महिलाएं घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दूधिया मोड़ के समीप बेड़ो पुरना पानी-लापुंग मार्ग पर सोमवार की शाम 5.30 बजे अनियंत्रित होकर एक सवारी ऑटो पलट जाने से उसमें सवार चार महिलाएं घायल हो गई। घायलों में कपरिया नेहालु गांव निवासी जौरी उरांव (40), जल सहिया सरोज उरांव (45), बालमुनि उरांव (30) और बासमती उरांव (22) शामिल हैं। तीनों नेहालु अम्बा टोली गांव की रहने वाली है। ऑटो चालक सुकरा उरांव व मंगु भगत ने ग्रामीणों के सहयोग से चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मतदान को लेकर सुबह से लगी रही लंबी-लंबी कतारें

# नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में 62.44 व पांकी विस में 61.22 प्रतिशत मतदान

**पहली बार मतदान करने पहुंचे मतदाताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह, प्रशासन रहा रेस**

आजाद सिपाही टीम





मतदान के लिए एक बूथ पर कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी।

**मेदिनीनगर/नीलांबार पितांबरपुर(पलामू)।** चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा के कुल 326 बूथों पर सोमवार की शाम पांच बजे तक 61.22 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, सुबह सात बजे से ही मतदाताओं की भीड़ भीषण गर्मी के बावजूद उमड़ने लगी थी। पांकी विधानसभा के लिये प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह 7 बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, ईवीएम/वीवीपैट कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, पांकी विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रीति किस्कू पल पल की जानकारी ले रहे थे। इनकी सुरक्षा को लेकर पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था। हालांकि इस दौरान कहीं से भी हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी सामने नहीं आई। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। दूसरी ओर, निलाबंर पितांबरपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी मतदाताओं का शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया। अपने-अपने मतदान के लिए मतदाता लंबी कतारे लगाकर प्रचंड गर्मी में भी खड़े देखे गए। विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदान को लेकर उत्साह बरकरार रहा। मतदाताओं का कहना है कि लोकतंत्र का यह महापर्व है इसमें सभी को बढ़ चढ़कर प्रतिभागी होना चाहिए।

### नये मतदाताओं में दिखा काफी उत्साह

सबसे अधिक उत्साह नये मतदाताओं में दिखा, जिन्होंने वोट देकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि वे विकास को लेकर मतदान कर रहे हैं। प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक में मतदान शुरू होने से पहले ही लंबी कतार लग गयी थी। मतदान केंदों पर वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था थी।

### पल- पल की जानकारी लेते रहे पदाधिकारी

लोकसभा चुनाव के पल-पल का आकलन लेने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया था। पदाधिकारी व कर्मी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पोलिंग के बारे में पल-पल की जानकारी ले रहे थे। नियंत्रण कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी करकेट्टा, बीपीआरओ राजीव रंजन पांडे, बीपीओ चंद्रशेखर सिंह, सीआई महेंद्र राम के अलावा नवनियुक्त पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर आदि सभी बूथ का पल-पल पर नजर रख रहे थे। ज्ञात हो की प्रखंड में बूथ संख्या 100 से 182 तक में टोटल मतदाता 79,087 है, जिसमें पुरुष 41017 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 38009 है। प्रचंड गर्मी होने के बावजूद सुबह 6.30 बजे से ही मतदाताओं की कतारबद्ध लाइन देखी गई। मतदान केंद्रों में पुरुष के साथ-साथ महिला मतदाताओं की भी भीड़ देखी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान की रफ्तार धीरे-धीरे तेज हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान दिन चढ़ने के साथ शुरू हुआ। मतदान केंद्रों में मतदाता की लंबी कतार देखी गई। प्रखंड के सुधारवर्ती क्षेत्र बूथ संख्या 145, 163, 164, 165 166, 167, 181 आदि जगह पर भारी मतदान हुआ। उधर, प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों में नये मतदाता. बादल तिवारी सचिन तिवारी, काजल कुमारी श्वेता कुमारी, रितेश कुमार पीयूष कुमार प्रियांशु रंजन परवाना प्रवीण, आदि अनेक लोगों ने पहली बार मतदान किया। सबसे अधिक उत्साह नये वोटरों में दिखा। जिन्होंने वोट देकर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने बताया कि मतदान करना सब का अधिकार है। हमने देश हित में मतदान किया है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए।

# कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में निकाली गयी विशाल बाइक रैली





आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा सीट के लिए ज्यों-ज्यों चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान परवान चढ़ता जा रहा है। सोमवार को धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चति करने को लेकर विशाल बाइक रैली निकाली गई। रैली सुबह 9.45 बजे चासनाला रोड से निकाली गई। जिसमें गठबंधन के हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बाइक रैली चासनाला मोड़ से निकलकर चुकड़ी पौड़ा कांड्रा, कांड्रा बस्ती, डीवीसी मोड़ कांड्रा, कांड्रा बाजार, गौशाला बाजार, चेकपोस्ट होते हुए सिंदरी क्लब पहुंचा, जहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बादा जनवादी महिला समिति द्वारा अनुपमा सिंह का भव्य स्वागत किया गया। यहां से बाइक रैली एक बार पुनः आगे के लिए प्रस्थान किया। रोडाबांध भारतीय क्लब, मनोहरटांड विनोद बिहारी महतो चौक, कुली कैंप खटाल, सहरपुरा बाजार, काली मंदिर, मार्शल क्लब रांगामाटी, रांगामाटी पानी टंकी से जयमाता दी मंदिर तक फिर बलियापुर प्रखंड के बाघमारा के लिए प्रस्थान किया। यहां से डोमगढ़ होते बाइक रैली का समापन हुआ। बाइक रैली पूरे बाजेगाजे के साथ निकाली गई थी। जगह-जगह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का भव्य स्वागत किया गया। वहीं, प्रत्याशी अनुपमा सिंह खुली वाहन से हांथ हिला कर लोगों को अभिवादन करती रहीं। जगह-जगह पर ग्रामीण महिलाओं ने अनुपमा सिंह का स्वागत किया। इस बीच लोगों के जनसमूह ने अनुपमा सिंह को फूल-मलाओं से लाद दिया।

# कार्यकर्ता के निधन पर विधायक ने जताया दुःख

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढकचा ग्राम पंचायत निवासी सह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रसिद्ध सिंह का सोमवार को अचानक निधन हो गया। इस पर क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने दुःख प्रकट किया है। एनसीपी के जिला सचिव अजय सिंह ने बताया कि प्रसिद्ध सिंह ढकचा पंचायत के पार्टी अध्यक्ष थे। उनके आकस्मिक निधन से कार्यकर्ताओं में शोक व्याप्त है। उधर, विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रसिद्ध सिंह के निधन पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि मेरे कार्यकर्ता का निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। वहीं, दुःख प्रकट करने वालों में प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष सिंह, सरोज प्रसाद मेहता, अखिलेश मेहता उदय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।



## कड़ी धूप में खड़े होकर मतदाताओं ने किया मतदान



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** चतरा लोकसभा के 75 पांकी अंतर्गत सतबरवा प्रखंड के 4 पंचायत के 19 बूथों पर 65.9 फीसदी यानी 12582 मतदान हुए, जिसमें 6099 पुरुष और 6483 महिला मतदाता शामिल है।जबकि कुल मतदाताओं की संख्या 19083 थी। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक हुई। इस दौरान कड़ी धूप में भी मतदान के लिए लोग कतार में खड़े दिखे। लोकतंत्र के महापर्व में महिला मतदाताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं मनिका विधानसभा अंतर्गत 13 बूथों पर कुल 7601 मतदान (64.5 फीसदी) हुए। जबकि टोटल मतदाता 11776 थे।

# डालसा ने नशे के शिकार अनाथ बच्चे को रेस्क्यू किया



बच्चे से बात करते डालसा के सचिव।

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर से सीडब्ल्यूसी के सहयोग से नशे के शिकार एक और नाबालिक बच्चे का रेस्क्यू किया गया। बतातें चलें कि इससे पहले भी 13 मई को एक बच्चे को रेस्क्यू किया गया था। उसे तुरंत इलाज के लिए धनबाद सदर अस्पताल में लाया गया। इसकी सूचना मिलते ही अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन सदर अस्पताल पहुंचे और बच्चे से बातचीत की। डॉक्टर को बच्चों के समुचित इलाज का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया कि बच्चे की पढ़ाई-लिखाई और उचित देखभाल के लिए तुरंत प्रबंध किया जाए। नाबालिक बच्चा बस्ताकोला का रहने वाला है जिसके पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह रेलवे स्टेशन में रहता है। उसने बताया कि दोस्तों के साथ उसने नशा करना सीख लिया। उधर, जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनकी लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है। मौके पर परियोजना के सदस्य, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीओ साधना कुमारी, एनजीओ सदस्य संतोष विकराल, महेश्वर रवानी, पीएलवी चंदन कुमार और अजीत कुमार दास आदि मौजूद थे।

## बाइक के धक्के से साइकिल सवार घायल

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलौदार मोड़ के समीप रविवार की देर शाम एनएच 98 पर तेज गति से आ रही एक बाइक के टक्कर से साईकिल सवार घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। उसकी पहचान हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ही अररुआ खुर्द निवासी जगदीश चौधरी के 27 वर्षीय पुत्र दिलीप चौधरी के रूप में हुई है। चिकित्सक डॉ दवेंद्र कुमार ने बताया कि घायल युवक का गर्दन में मोच आने के साथ ही कान से रक्त प्रवाह हो रहा थी। उसकी हालत गंभीर होता देखत बेहतर उपतार के लिए रेफर कर दिया है। हालांकि उसके परिजन सोमवार को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले गए। उधर, घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार फरार हो गया।




# वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दीप्ति जीवनजी ने जीता गोल्ड

## टी-20 के 400 मीटर में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, 55.07 सेकेंड में पूरी की दौड़



दीप्ती जीवनजी।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पैरा एथलीट दीप्ति जीवनजी ने विश्व कीर्तिमान के साथ विश्व पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीत लिया। बौद्धिक रूप से दिव्यांग दीप्ति ने टी-20 कैटेगरी की 400 मीटर दौड़ में 55.07 सेकंड का समय निकाल कर नया कीर्तिमान बनाया। उन्होंने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क की ओर से बीते वर्ष इसी चैंपियनशिप में बनाए गए 55.12 सेकंड के कीर्तिमान को पीछे छोड़ा। तुर्किये की आइसल ओंडेर ने 55.19 सेकंड के साथ रजत और इक्वाडोर की लिजांशेला आंगुलो ने 56.68 सेकंड के साथ कांस्य जीता।

### आंखों में है समस्या

दीप्ति ने दो वर्ष पूर्व ही एथलेटिक्स को अपनाया है। उनकी आंखों में समस्या है। उन्होंने रविवार को हीट में 56.18 सेकंड का समय निकालते हुए नया एशियाई कीर्तिमान स्थापित किया था, जिसे उन्होंने फाइनल में विश्व कीर्तिमान में बदल दिया। भारतीय डिस्कस थ्रोअर योगेश कथूनिया ने डिस्कस थ्रो की एफ-56 कैटेगरी में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता। टोक्यो पैरालंपिक में रजत जीतने वाले योगेश का यह विश्व चैंपियनशिप में तीसरा पदक है। बीते वर्ष उन्होंने पेरिस में रजत और 2019 में दुबई में उन्होंने कांस्य पदक जीता था।

वारंगल (तेलंगाना) जिले की रहने वाली दीप्ति के माता-पिता मजदूर हैं। उनके कोच एन रमेश के मुताबिक उसके गांववासी ताने देते थे दिमागी रूप से कमजोर होने के कारण उसकी शादी नहीं होगी, लेकिन हांगझोऊ एशियाड में स्वर्ण जीतने के बाद उसका जीवन बदला। यहां तक जिले के कलेक्टर ने दीप्ति के घर का दौरा किया तो उनके माता-पिता की हैरानी की सीमा नहीं रही। एक पीईटी अध्यापक ने पहली बार स्कूल मीट में दीप्ति की प्रतिभा को पहचान था। उन्होंने अध्यापक को बोला दीप्ति को उनके पास हैदराबाद भेजें। उन्हें बताया गया कि दीप्ति के पास बस का किराया देने के पैसे नहीं है। उन्होंने कंडक्टर से बात कर दीप्ति को हैदराबाद बुलाया और बाद में कंडक्टर को बस का किराया दिया। गोपीचंद की संस्था दीप्ति को प्रायोजित कर रही है।







वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !












# राहुल गांधी का सपना करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाना : गुलाम अहमद मीर

## कांग्रेस पर जगा है जनता का विश्वास, इस बार केंद्र में बनेगी आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता




अनुपमा सिंह की जीत को लेकर धनबाद में आयोजित बैठक में उपस्थित कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति कुमार सिंह और अन्य गणमान्य।

**धनबाद।** लोकसभा सीट से आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को बैंक मोड़ स्थित ब्लैक रॉक होटल में बने जिला के प्रधान चुनावी कार्यालय में जिला कांग्रेस की ओर से समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशीद राजा अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस से झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति कुमार सिंह के अलावा प्रदेश, जिला, सभी प्रखंड व नगर नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा दिन-रात किया जा रहा परिश्रम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का सपना है कि करोड़ों महिलाएं लखपति बने। वादा के अनुसार केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनते ही हर गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपया दिए जाने का वादा पूरा किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा तानाशाही पर उतर आई है। वह हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए दिए गए संविधान को खत्म करना चाह रही है। पर जनता भाजपा के चाल, चरित्र को समझ चुकी है। लोगों का भाजपा से मोहभंग और कांग्रेस के प्रति विश्वास जगा है। देश में बदलाव की हवा चल रही है। निश्चित रूप से इस बार केंद्र में आइएनडीआइए महागठबंधन की सरकार बनेगी और लोगों की मदद से धनबाद में प्रत्याशी अनुपमा सिंह एतिहासिक जीत दर्ज करेंगीं। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की पांच गारंटी एवं 25 बातें है इसका लाभ दिख रहा है। राहुल गांधी व कांग्रेस के प्रति देश में लोगों का विश्वास जगा है। आज हम सभी को भाजपा की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचने की जरूरत है। पार्टी सभी जाति व सभी धर्मो को मान सम्मान दती है। इस लिए हम सभी को एकजूट होकर लड़ना है, ताकि भाजपा की हार सुनिश्चित हो सके। कहा कि धनबाद में पार्टी प्रत्याशी अनुपमा सिंह को लोगों को अपार समर्थन मिल रहा है। निश्चित रूप से अनुपमा सिंह की ऐतिहासिक जीत होगी। इस मौके पर पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति कुमार सिंह, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, प्रवक्ता शमशेर आलम, मदन महतो, रवींद्र वर्मा, वैभव सिन्हा, मनोज यादव, प्रदेश सोशल मीडिया इंचार्ज गजेंद्र सिंह, आमिर हाशमी, पंकज मिश्रा, दुर्गा दास, योगेंद्र सिंह योगी, लक्ष्मण तिवारी, नवनीत नीरज, क्यूम खान, रमेश जिंदल, शाहिदा कमर, नवीन सिंह अक्षयवर प्रसाद, नंदलाल पासवान आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों के घर से मिल रहे नोटों के भंडार : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को निरसा प्रखंड के विजयपुर में आयोजित जनसभा में इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि रांची के डीसी बंदूक के लाइसेंस निर्गत करने में 3 से 5 लाख रुपये वसूल रहे हैं। यह मामला विधानसभा में भाजपा विधायक सीपी सिंह ने उठाया था। पर मुख्यमंत्री ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। आज नतीजा सामने है कि आइएएस अफसर के साथ-साथ राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भी जेल की हवा खा रहे हैं। जिन ऊपर राज्य की खनिज संपदाओं की रक्षा की जिम्मेवारी है। वे खुद खनिज संपदा की चोरी करेंगे या करवाएंगे। सरकारी जमीन के फर्जी कागजात बनाकर उसे बिक्री करवाएंगे तो उसे इडी पकड़कर जेल भेजेगा ही। अब इंडी गठबंधन के लोग कह रहे हैं कि साजिश के तहत जेल भेजा गया। जनता सब जानती है और समय आने पर इसका जवाब देगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के घर से साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए बरामद हुए। राज्य के मंत्री के सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये बरामद हुए। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब मंत्री के सचिव के नौकर के घर से इतने पैसे निकाल रहे हैं तो मंत्री के घर में लूट के कितने पैसे होंगे। यह है राज्य के कांग्रेसियों का हाल। दूसरी ओर गठबंधन के लोग छाती पीट रहे हैं कि मोदी आएगा तो संविधान खतरे में आ जायेगा।

### झामुमो-कांग्रेस ने झारखंडियों को बेचा

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेसियों ने 55 साल में कभी झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन पैसे लेकर झारखंड आंदोलन को बेचने का काम किया। शिबू सोरेन को कांग्रेसियों ने ही तिहाड़ जेल भिजवाया था। आज देखिए झामुमो नेता कांग्रेसियों के साथ महागठबंधन कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा के शासनकाल में झारखंड के गांव-गांव तक एवं नदियों में पुल पुलिया का निर्माण हुआ। भाजपा की ही देन है कि झारखंड के सभी गांव में बिजली पहुंची है। कहा कि राज्य में हुए पांच चरणों के चुनाव में जनता ने एनडीए गठबंधन के सभी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कर दी है। आगे के दो चरणों के चुनाव में भी महागठबंधन को आम जनता उसकी औकात बतायेगी।

### वंशवाद को प्रोत्साहन देती है कांग्रेस : ढुल्लू

भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने कहा कि कांग्रेस प्रजातंत्र नहीं राजतंत्र में विश्वास करती है। इसका जीता जागता प्रमाण धनबाद में है। पहले ससुर फिर पुत्र एवं अब पुत्रवधू को टिकट मिल रहा है। लोकतंत्र को खतरा भाजपा से नहीं कांग्रेस से है। कहा कि मैं चुनाव जीतू या ना जीतू पर लोगों के हर सुख दुख में खड़ा रहूंगा।

### भाजपा को वोट दें

विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जिताइए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कीजिये। निरसा विधानसभा से इस बार लाख वोट भाजपा को दिलवाएं। सभा की अध्यक्षता राजेश बाउरी एवं संचालन मधुरेंद्र गोस्वामी ने किया। सभा को सुरेश साव, सत्येंद्र कुमार, घनश्याम ग्रोवर, चंद्रशेखर सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

# महुदा पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो से मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर सोमवार को रांची से धनबाद जाने के क्रम में महुदा के लालबंगला स्थित पूर्व मंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के आवास पहुंचे। जहां पूर्व मंत्री ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी थे। औपचारिक मुलाकात के दौरान उनके बीच 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह व धनबाद से आइएनडीआइए महागठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा की। साथ ही गिरिडीह व धनबाद क्षेत्र की मौजूदा हालातों और जनहित से जुड़े मुद्दों व विषयों पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद सभी ने जलेश्वर महतो के आवास में ही दोपहर का भोजन किया और धनबाद चले गये। इस दौरान युवा कांग्रेस नेता सुमित कुमार महतो, राजकुमार महतो, असलम मंसूरी, अब्दुल समद अंसारी, दीनानाथ केवट (गांधी), रामचंद्र कुमार महतो आदि मौजूद थे।

# रामगढ़ विधायक ने एनडीए प्रत्याशी सीपी चौधरी के पक्ष में की मतदान की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो थर्मल/बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश (सीपी) चौधरी के पक्ष में मतदान को लेकर रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। विधायक सुनीता चौधरी और बेरमो प्रमुख गिरजा देवी ने गिरिडीह लोस के कथारा, गोमीया, बोकारो थर्मल के बाजारटाड़ सहित विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क के माध्यम से मतदाताओं से सीपी चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जगह-जगह सभा कर ग्रामीओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे कोरोना वैक्सीन, जनधन बैंक खाता, उज्जवला योजना के तहत निःशुल्क रसोई गैस सिलिंडर, आयुष्मान कार्ड योजना, हर घर नल योजना और पक्के मकान आदि से अवगत कराते हुए विस्तृत जानकारी दी।

विधायक ने कहा कि आगे भी धारा प्रवाह विकास के लिए सीपी चौधरी को मारी मतों से वोट देकर विजेता बनाएं और नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। ताकि उन्हें तीसकी बार प्रधानमंत्री बनाया जा सके। कहा कि आप जो मतदान करेंगें वह चंद्र प्रकाश चौधरी के माध्यम से सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जायेगा। इस मौके पर बेरमो प्रखंड मंत्री सीमा देवी, अशोक साव, आजसू के केंद्रीय सचिव बुच्चू सिंह, शक्ति महतो, महेंद्र महतो, जितेंद्र यादव, प्रफुल्ल ठाकुर, केदार साव, जितेंद्र ठाकुर, संतोष साव, हरियर साव, सीता देवी, के ललिता राव, कुंती देवी, सानू कुमार आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस-झामुमो करते हैं जाति धर्म की राजनीति : भानुप्रताप




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार करने सोमवार को पूर्व मंत्री भानुप्रताप साही धनबाद पहुंचे। इस दौरान धैया स्थित भाजपा चुनावी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान ढुल्लू महतो के विरोधियों पर जमकर जुबानी हमला किया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा धनबाद में किए गये विकाश कार्यों पर भी ध्यान आकर्षित कराया। कहा कि वर्ष 2014 और 2024 में धनबाद में काफी बदलाव हुए हैं। कांग्रेस के समय में जो सिंदरी खाद कारखाना में ताला लटका था आज मोदी जी की देन है की वहीं से कई राज्यों में खाद आपूर्ति हो रही है। अगले पांच साल में एयरपोर्ट से लेकर बुलेट ट्रेन तक का लाभ धनबाद की जनता को मिलेगा। लगे हाथ उन्होंने बेरमो विधायक के प्रतिदिन एक करोड़ रुपये की कमाई पर भी सवाल खड़ा किया है। कहा कि अनुप सिंह भी काली कमाई से अछुते नहीं है। कहा कि भाजपा राष्ट्र हित में काम करती है। जाती समाज धर्म के नाम पर कांग्रेस-झामूमो राजरीति करती है।

# गांडेय विधानसभा उपचुनाव में 66.45 प्रतिशत मतदान

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधानसभा में पूरे उत्साह व शांतिपूर्ण तरीके से सोमवार को मतदान हुआ। इस दौरान कोडरमा लोकसभा में शाम 5 बजे तक 61.06 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव में 66.45 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर बताया कि गांडेय विधानसभा में 3 लाख 16 हजार 214 मतदाओं में 66.45 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। हालांकि ये अंतिम आंकड़ा नहीं है, क्योंकि अंतिम रिपोर्ट नहीं आई है।

# निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न हुआ चुनावः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव का सोमवार को चुनाव हुआ। मतदान समाप्ति के बाद गिरिजीह के जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन कर चुनाव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि सभी के सहयोग और समन्वय से निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराया गया। सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं पेयजल, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग, रैंप, व्हील चेयर आदि की व्यवस्था की गई थी, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया था। इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इस दौरान जिला नियंत्रण कक्ष से लगातार वेबकास्टिंग के जरिए निर्वाचन गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और प्रेस प्रतिनिधियों का आभार जताया। वहीं, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न हुआ।

# रैली निकाल अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान की अपील



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** निरसा विधानसभा अंतर्गत केलियासोल क्षेत्र में झामुमो नेता अरुनव सरकार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने सोमवार को विशाल पदयात्रा निकाला। इस दौरान सभी ने धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अरुनव सरकार ने उपस्थित जनसमूह से लोकतंत्र और संविधान को बचाने, वंचितों को समुचित न्याय एवं हर वर्ग को उचित सम्मान दिलाने के लिए अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर गोपीन टुडू, प्रशांत हेम्ब्रम, ईसाक बेग, आस्तिक बाउरी, नजीर शेख, जालेश्वर मुर्मू, जाहिद अंसारी, विकास भंडारी, मिलन बाउरी, जाहिद सिद्दीकी इस्लाम अंसारी, राम कुमार मरांडी, सहदेव टुडू आदि मौजूद थे।

# विशाल बाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं के साथ थामा झामुमो का दामन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** निरसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रामकनाली काली मंदिर प्रांगण में आयोजित जनसभा के दौरान विशाल संगठन फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर आस्था व्यक्त करते हुए अपने संगठन के धनबाद, गिरिडीह, रांची, पलामू और बोकारो आदि जिले के हजारो कार्यकर्ताओं के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थाम लिया। वहीं, कल्पना सोरेन ने विशाल बाल्मीकि को पट्टा ओढ़कर पार्टी में शामिल कराया और बधाई दी।

## पोलिंग पार्टियों को 24 की सुबह 5 बजे तक डिस्पैच सेंटर पहुंचने का निर्देश

# डिस्पैच सेंटर में पीठासीन अधिकारी सामग्री रिसीव करेंगे : माधवी मिश्रा

**इवीएम कोषांग को ध्यान से इवीएम वितरित करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता






धनबाद के न्यूटाउन हॉल में डिस्पैच सामग्री, इवीएम, वाहन व कार्मिय सहित अन्य कोषांग के पदाधिकारियों-कर्मियों के साथ बैठक करती डीसी माधवी मिश्रा व अन्य।

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने सोमवार को न्यू टाउन हॉल में डिस्पैच, सामग्री, ईवीएम, वाहन, कार्मिक सहित अन्य कोषांग के पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक की। इस दौरान सभी को त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। कहा कि 24 मई को कृषि बाजार समिति से सिंदरी, टुंडी व बाघमारा, धनबाद पॉलिटेक्निक से धनबाद व झरिया और निरसा पॉलिटेक्निक से निरसा विधानसभा के लिए चुनाव सामग्री डिस्पैच की जाएगी। कृषि बाजार समिति के लिए बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कंपलेक्स, धनबाद पॉलिटेक्निक के लिए पास के ग्राउंड में तथा निरसा पॉलिटेक्निक के लिए डॉन बॉस्को स्कूल में पोलिंग पार्टी के लिए चिह्नित और जीपीएस लगे वाहन उपलब्ध रहेंगे। पोलिंग पार्टियां सुबह पांच बजे तक अपने संबंधित डिस्पैच सेंटर में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड से डिस्पैच सेंटर तक पहुंचने के लिए रिंग बस सेवा उपलब्ध रहेगी। डिस्पैच सेंटर में प्रीसाइडिंग ऑफीसर सामग्री रिसीव करेंगे। ईवीएम कोषांग ध्यानपूर्वक ईवीएम का वितरण करेंगे। चुनाव सामग्री प्राप्त करने के बाद पोलिंग पार्टी पुलिस फोर्स के साथ समय पर मतदान केंद्र के लिए चिह्नित वाहन से रवाना हो जाएंगे। डीसी ने कहा कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपना-अपना पहचान पत्र पहनकर डिस्पैच सेंटर पहुंचेंगे। पोलिंग पार्टी की किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए डिस्पैच सेंटरों में प्रशिक्षण कोषांग का काउंटर उपलब्ध रहेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने भी विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और जीरो एरर चुनाव संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद थे।

# चालू खदानों को भी औने-पौने दामों पर बेच रही सरकार

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र में सोमवार को श्यामपुर बी कोलियरी में सीएमडब्ल्यू के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा की गई। जिसकी अध्यक्षता जगदीश शर्मा और संचालन बिपिन मंडल ने किया। इस अवसर पर जेबीसीसीआई सदस्य सह माकपा नेता सुजीत भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि कोल इंडिया के इसीएल में 57 भुमिगत खदान चल रही है पर भाजपा सरकार धीरे धीरे चालू खदानों को भी एमडीओ मोड पर खदानों को औने-पौने दामों पर बेच रही है। इससे कोल इंडिया का अस्तित्व खतरे में है। एक लाख से जिस दिन कर्मचारी कम हो जायेंगे उस दिन कोल इंडिया को खत्म कर गैरसरकारी खदानों के नाम से कर दिया जायेगा। इस मौके पर श्यामल सरकार, शशि भूषण तिवारी, कृष्णा सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## न्यूज रील्स



पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने सोमवार को कोडरमा लोकसभा के धनवार में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुधरनी बूथ नंबर 242 पर मतदान किया।

### गैंगरेप कर बच्ची को जिंदा जलाने वालों को फांसी

**शाहपुरा।** राजस्थान में शाहपुरा जिले के कोटड़ी में 14 साल की बच्ची से गैंगरेप कर जिंदा जलाने वालों को फांसी की सजा सुनायी गयी है। इस बहुचर्चित मामले में सोमवार को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट-2 ने फैसला सुनाया, जिसमें दोनों दोषियों कालू और कान्हा को मौत की सजा दी है। जज ने इस मामले को रेयरेस्ट ऑफ द रेयर माना। इससे पहले शनिवार 18 मई को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट ने कालू और कान्हा को दोषी करार दिया था, जबकि सात आरोपियों को बरी कर दिया था।

### ब्याज पर रकम देकर करोड़पति बने रामनाथ डंग

आगरा। आगरा में 3 जूता कारोबारियों के यहां इनकम टैक्स की रेड में अब तक 60 करोड़ रुपये कैश मिल चुके हैं। शनिवार से शुरू हुई रेड सोमवार को भी जारी रहा। इस रेड से आगरा में चल रहा पर्ची का कारोबार सामने आया। सबसे ज्यादा कैश रखने वाले हरमिलाप ट्रेडर्स के मालिक रामनाथ डंग आगरा के जूता कारोबार में पर्ची सिस्टम के बडे. खिलाड़ी हैं। रामनाथ डंग छोटे जूता कारोबारियों को 2 से 3 फीसदी ब्याज पर रकम उधार देते हैं। इसकी बिना किसी लिखा-पढ़ी के सिर्फ पर्ची थमा देते हैं।

# बीजद शाासन में ओड़िशा की संपत्ति और संस्कृति असुरक्षितः नरेंद्र मोदी

अंगुल में प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित

पार्टी ने अपने जीवन का एक लंबा समय संगठन में बिताया है।



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूरा देश तीसरी बार मोदी सरकार को लाना चाहता है। ओड़िशा के पुरपल्ली में भी एक नारा सुनायी दे रहा है। इस बार राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी। बीजद सरकार को मौका मिला था। अब जाने का समय आ गया है। यहां 10 जून को डबल इंजन वाली सरकार शपथ लेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अंगुल में आयोजित एक जन सभा में ऐसा कहा। सभा और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ओड़िशा कला की भूमि है। कला हर परिवार में होती है। सुबह 7 बजे मैंने पुरी में भारी भीड़ देखी। सुबह 10 बजे यहां की भीड़ देखकर बहुत अच्छा लगता है। पार्टी ने अपने जीवन का एक लंबा समय संगठन में बिताया है। भगवान जगन्नाथ किसी भी व्यक्ति की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। ओड़िशा की खुशी और समृद्धि के लिए भगवान जगन्नाथ से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सभी से मतदान करने का आग्रह किया।

मोदी ने बीजद सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, आपने बीजद सरकार को 25 साल तक सत्ता में बिठाया है। आपको क्या मिला? हजारों लोग अभी भी काम करने और दादन के लिए बाहर जाते हैं। आज भी किसान और नौजवान परेशान हैं। बीजद शासन के तहत ओड़िशा की संपत्ति और संस्कृति असुरक्षित है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर ओड़िशा में ऐसी स्थिति का कारण क्या है? रत्न भंडार की चाबी खोने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा, जब हमारे घर की चाबी खो जाती है तो हम जगन्नाथ को बुलाते हैं। उनकी कृपा से हमें अपने घर की चाबी मिल जाती है। लेकिन आज 6 साल पहले ही जगन्नाथ के रत्न भंडार की चाबी खो गयी है। जांच रिपोर्ट को दबा दिया गया है। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। कुछ भ्रष्ट तत्वों ने मुख्यमंत्री के आवास को घेर लिया है। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद दूध और पानी को अलग कर दिया जायेगा। रत्न भंडार की चाबी गुम होने के मामले की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक की जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि ओड़िशा को डीएमएफ के रूप में 26 हजार करोड़ रुपये मिल रहे हैं। बीजद शासन में ओड़िशा की संपत्ति और संस्कृति असुरक्षित है। यहां तक कि जगन्नाथ संस्कृति भी सुरक्षित नहीं है। मोदी ने कहा कि ओड़िशा की आपदा का कारण बीजद सरकार है।

## ओड़िशा में दूसरे चरण का मतदान : शाम पांच बजे तक 60.55 फीसदी मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शाम 5 बजे तक 60.55 फीसदी वोटिंग हो चुकी है। कबिसूर्यनगर विधानसभा सीट पर 56.66 फीसदी वोटिंग हुई, जबकि कंटाबांजी में 55.15 फीसदी वोटिंग हुई। इसी तरह कंटामाल- 55.30 प्रतिशत, खल्लीकोट- 58.23 प्रतिशत, लोईसिंघा- 58.45 प्रतिशत, पद्मपुर 65.32 प्रतिशत, पाटनागढ़- 60.1 प्रतिशत, फुलबानी- 59.25 प्रतिशत, पोलसरा- 58.66 प्रतिशत, रघुनाथपाली- 58.25 प्रतिशत, राजगांगपुर- 57.58 प्रतिशत, राउरकेला- 55.16 फीसदी, सानखेमुंडी- 57.39 फीसदी, सोनपुर- 71.35 फीसदी, सोरड- 47.80 फीसदी, सुंदरगढ़- 62 फीसदी, तलसरा- 65 फीसदी, टिटिलागढ़ में 61.91फीसदी वोटिंग हुई है।

दूसरे चरण में लोग 5 लोकसभा और 35 विधानसभा सीटों के लिए कुल 9,148 मतदान केंद्रों में 79,000 से अधिक मतदाताओं ने अपना पसंदीदा नेता चुनेंगे। कुल 305 उम्मीदवार मैदान में हैं। 5 लोकसभा सीटों के लिए 40 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि 35 विधानसभा सीटों के लिये 265 उम्मीदवार प्रतिद्वंदिता कर रहे हैं।

# एनटीपीसी ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सलाकाती एमइ स्कूल में स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा दिया

इस आयोजन का उद्देश्य भारत के स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिये युवा दिमागों में स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व को स्थापित करना था।




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 16 मई से 31 मई, 2024 तक शुरू हुए राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा पहल के अनुरूप, एनटीपीसी बोंगाईगांव ने आज सलाकाती एमई स्कूल में एक स्वच्छता टॉक का आयोजन किया, जिसमें 100 उत्साही छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए युवा दिमागों में स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व को स्थापित करना था। एनटीपीसी बोंगाईगांव की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ कृति अग्रवाल ने इंटरैक्टिव सत्र का नेतृत्व किया। उन्होंने हाथ की स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया और अस्वच्छ परिवेश के कारण होने वाले प्रतिकूल प्रभावों और बीमारियों पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। स्वच्छता सिर्फ एक अवधारणा नहीं है, यह स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक दैनिक दिनचर्या है," डॉ अग्रवाल ने छात्रों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिये प्रेरित करते हुए टिप्पणी की। सत्र में व्यक्तिगत स्वच्छता बनाये रखने और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर व्यावहारिक सुझाव शामिल थे। डॉ अग्रवाल के आकर्षक दृष्टिकोण ने छात्रों को स्वच्छ और स्वस्थ भारत में योगदान देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने में मदद की। श्रीमती की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। एनटीपीसी बोंगाईगांव के सीएसआर कार्यकारी अद्युति ठाकुरी ने सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता दोहराई। सलाकाती एमई स्कूल की प्रिंसिपल और श्रीमती। संदिता ब्रह्मा भी इस पहल के लिए अपना समर्थन दिखाते हुए उपस्थित थीं। छात्रों को शिक्षित और प्रेरित करने का एनटीपीसी बोंगाईगांव का प्रयास भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए एक पखवाड़े तक चलने वाले स्वच्छता अभियान, स्वच्छता पखवाड़ा के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप है।

यह पहल सतत विकास प्राप्त करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाने में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करती है। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा अपने परिवेश में स्वच्छता बनाये रखने और स्वच्छ भारत बनाने में सक्रिय रूप से भाग लेने की शपथ के साथ हुआ।

# वित्तीय वर्ष 24 में व्यवसाय वृद्धि में पीएसयू बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र शीर्ष पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के बीच कुल व्यवसाय और जमाराशियां संग्रहण करने में उच्चतम वृद्धि दर दर्ज की है, जबकि इस दौरान अधिकांश ऋणदाताओं को दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्तीय वर्ष 2024 के दौरान कुल व्यवसाय (घरेलू) में 15.94 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है, दूसरे स्थान पर देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक है जिसने 13.12 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है। मात्रात्मक रूप में एसबीआई का कुल व्यवसाय(जमाराशियां और अग्रिम) रुपया.79,52,784 करोड़ था जोकि लगभग 16.7 गुना अधिक था, जबकि इसकी तुलना में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कुल व्यवसाय रू.4,74,411 करोड़ था। इस प्रकार, महाबैंक ने वित्तीय वर्ष 24 में 15.66 प्रतिशत वृद्धि के साथ जमाराशियां संग्रहण में अपना शीर्ष स्थान बनाये रखा। इसके बाद 11.07 प्रतिशत के साथ एसबीआई, 11.05 प्रतिशत के साथ बैंक ऑफ इंडिया और 10.98 प्रतिशत के साथ केनरा बैंक का स्थान रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल ये चार ऋणदाता ही वित्तीय वर्ष के दौरान जमाराशियों में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज करने में सफल रहे। कम लागत वाली कासा जमाराशियों के मामले में, मार्च 2024 के अंत में बैंक ऑफ महाराष्ट्र 52.73 प्रतिशत के साथ चार्ट में शीर्ष पर बना हुआ है। इसके बाद सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 50.02 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। ऋण वृद्धि के मामले में कोलकाता स्थित यूको बैंक 16.38 प्रतिशत की वृद्धि के साथ महाबैंक की 16.30 प्रतिशत की वृद्धि से थोड़ा अधिक रहा। एसबीआई के अग्रिम वित्तीय वर्ष 24 की समाप्ति पर 16.26 प्रतिशत वृद्धि के साथ रहे। वर्ष के दौरान अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की ऋण वृद्धि 16 प्रतिशत से कम रही। आस्ति गुणवत्ता के मामले में, 31 मार्च, 2024 तक बैंक ऑफ महाराष्ट्र और एसबीआई की क्रमशः 1.88 प्रतिशत और 2.24 प्रतिशत के साथ सबसे कम सकल अनर्जक आस्तियों रहीं। निवल एनपीए के मामले में, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन बैंक ने क्रमशः 0.2 प्रतिशत और 0.43 प्रतिशत के साथ सबसे कम निवल एनपीए की सूचना दी है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात के संबंध में वित्तीय वर्ष 24 की समाप्ति पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र 17.38 प्रतिशत के साथ पीएसबी में शीर्ष पर रहा, इसके बाद इंडियन ओवरसीज बैंक 17.28 प्रतिशत और पंजाब एंड सिंध बैंक 17.16 प्रतिशत रहे।

## वेदांता एल्यूमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवन को इंटरनेशनल एल्यूमीनियम इंस्टीट्यूट का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया

# स्लेवन अत्याधुनिक इनोवेशन के जरिये उद्योग में बदलाव को आगे बढ़ायेंगे

संपूर्ण एल्यूमिनियम वैल्यू चेन में एक ज्यादा सस्टेनेबल भविष्य बनाने की अगुआई करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने आज अपने सीइओ जॉन स्लेवन की इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट (आइएआइ) में बतौर वाइस चेयरमैन नियुक्ति की घोषणा की है। अपनी इस नयी भूमिका में स्लेवन पूरी दुनिया के एल्यूमिनियम उद्योग में सस्टेनेबल बदलावों की अगुआई करेंगे तथा विश्व को जीरो कार्बन बनाने के लिए एल्यूमिनियम की अहम भूमिका को बढ़ावा देंगे। सन् 1972 में स्थापित इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट (आइएआइ) ऐसा एकमात्र संगठन है जो दुनिया भर में प्राइमरी एल्यूमिनियम इंडस्ट्री की नुमाइंदगी करता है। इस संगठन का काम है उद्योग के प्रचालनों के बारे में जागरुकता बढ़ाना, जिम्मेदार उत्पादन की हिमायत करना तथा हरित प्रौद्योगिकियों के निर्माण में एल्यूमिनियम के उपयोग के अहम फायदों पर बल देना। वर्तमान आइएआइ सदस्यता में दुनिया की अग्रणी बॉक्साइट, एल्युमिना और एल्यूमिनियम कंपनियां शामिल हैं। यह संगठन एल्यूमिनियम उद्योग पर सबसे विस्तृत वैश्विक डाटा भी संभालता है जिसमें उत्पादन, खपत, ऊर्जा उपयोग एवं पर्यावरणीय प्रभाव संबंधी 40 से भी ज्यादा वर्षों का विश्लेषण शामिल है। अपनी इस नियुक्ति पर वेदांता एल्यूमिनियम के सीईओ श्री जॉन स्लेवन ने कहा, इंटरनेशनल एल्यूमिनियम इंस्टीट्यूट के वाइस चेयरमैन के तौर पर यह दायित्व स्वीकार करते हुए मैं बहुत प्रसन्न हूं। नैट् जीरो भविष्य की ओर वैश्विक परिवर्तन में एल्यूमिनियम ने स्वयं को आवश्यक सिद्ध कर दिया है। मेरा विश्वास है कि वैश्विक लीडर होने के नाते यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम एल्यूमिनियम की असीम संभावनाओं के बारे में जागरुकता वृद्धि करें और अपनी धरती को हराभरा बनाने में इसके इस्तेमाल को आगे बढ़ाएं। आईएआई ने इस दिशा में शानदार कोशिशें की हैं और बहुत उत्साहित हूं अपने साथी बोर्ड सदस्यों व साथियों के संग काम करने को लेकर। हम मिलकर एल्यूमिनियम को भविष्य की एक निर्णायक धातु के रूप में आगे बढ़ायेंगे।

## इडी ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

# 'आप' को विदेशों से हुई करोड़ों की अवैध फंडिंग

## आप बोली- ये पुराना मामला




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले पार्टी के नेता जेल गये और अब एक नयी मुसीबत सामने आ गयी है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खबर चल रही है कि प्रवर्तन निदेशालय ने एक रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंपी है, जिसमें इस बात का जिक्र है कि 2014 से 2022 के बीच आम आदमी पार्टी को विदेशों से बड़ी संख्या में विदेशी फंडिंग हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी को अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सउदी अरब, यूएई, कुवैत और ओमान से फंड मिला है। ईडी ने गृह मंत्रालय को बताया कि आप को 7.08 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई। पार्टी ने यह फंड हासिल कर एफसीआरए, आरपीए और आईपीसी का उल्लखंन किया है। इतना ही पार्टी ने दान देने वालों की पहचान को छिपाया, उससे छेड़खानी की और गलत पहचान बतायी।

### इडी के आरोप पर 'आप' का बयान

ईडी के आरोप पर आम आदमी पार्टी का भी बयान आया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि शराब घोटाले और स्वाति मालीवाल प्रकरण फेल होने के बाद अब बीजेपी ये नया मामला लायी है। कल एक और मामला आयेगा। इस से साफ जाहिर है बीजेपी दिल्ली और पंजाब की सभी बीस सीट हार रही है। ये सब चलने वाला नहीं है। मोदी जी से जनता बहुत नाराज है। ये ईडी नहीं भाजपा की कार्यवाही है। ये कई साल पुराना मामला, जिस पर सारे जवाब ईडी, सीबीआई, गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग को दिये जा चुके हैं। ये फिर से आप को बदनाम करने की साजिश है। हर चुनाव से पहले भाजपा ये सब करती है। अगले चार दिन में कई ऐसे गलत आरोप लगाये जायेंगे। मोदी जी सीएम केजरीवाल से डरे हुए हैं।

# हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल जिले के निहलप्रसाद थाना क्षेत्र के फिंगुआ के पास हुए इस हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। खंकीरा गांव के एक परिवार के पति, पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गयी है। आज दोपहर पति-पत्नी, 11 साल का बेटा और 5 साल की बेटी एक पल्सर बाइक से नजदीक के रिस्तेदार के घर जा रहे थे। सामने से आ रहे हाइवा गाड़ी से टक्करा ने से पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों बच्चों को पास के बरपदा समूह स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया, जबकि हाइवा चालक मौके से फरार गया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**